* ओड़िशा संस्करण

30 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 310

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


समुचित व्यवस्था करेंगे, लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा : सीएम






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,800 रु./10 ग्राम
चांदी 87,000 रु./प्रति किलो



# बंगाल में अराजक माहौल, ममता के नियंत्रण से बाहर

## ■ उपद्रवियों और मवालियों के आगे नत मस्तक हो चुका है शासन

## ■ ममता की राजनीतिक मजबूरी का बेजा फायदा उठा रहे उपद्रवी

**पश्चिम बंगाल की स्थिति अराजक ही नहीं, चिंताजनक हो गयी है। कोलकाता के सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के कारण पूरा प्रदेश गुस्से में है, तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश का राजनीतिक नेतृत्व भी जिम्मेवार है। राज्य में फैल रही अराजकता के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिस तरह के फैसले कर रही हैं, बयान दे रही हैं, उससे संकेत मिलता है कि राज्य की स्थिति उनके नियंत्रण से बाहर निकल रही है। ममता बनर्जी संवैधानिक पद पर होकर खुलेआम हिंसा की धमकी दे रही हैं और साथ ही बंगाल के साथ यूपी, बिहार, ओड़िशा, पूर्वोत्तर और दिल्ली के जलने की बात कर रही हैं। एक मुख्यमंत्री की ऐसी नकारात्मक और विभाजनकारी सोच बंगाल के साथ पूरे देश के लिए खतरनाक है।**

आजाद सिपाही विशेष

**कोलकाता मेडिकल कॉलेज की घटना ने एक महिला मुख्यमंत्री के राज्य में महिला सुरक्षा पर सवालिया निशान तो लगाया ही है, उसके बाद की घटनाओं ने उस मुख्यमंत्री की प्रशासनिक क्षमता पर भी सवाल खड़े कर दिये हैं। आज राज्य की वर्तमान स्थिति के लिए न केवल ममता बनर्जी की नीतियां जिम्मेवार हैं, बल्कि यह स्थिति बताती है कि अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए वह किस हद तक जा सकती हैं। भद्रलोक का प्रदेश कहा जानेवाला बंगाल यदि आज अराजकता की तरफ बढ़ रहा है, तो यह पूरे देश के लिए चिंता का विषय है और अब इस पर नियंत्रण की जरूरत आ गयी है। क्यों है बंगाल की यह स्थिति और क्या है इसमें सुधार के उपाय, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

देश की सांस्कृतिक और बौद्धिक राजधानी पश्चिम बंगाल की धरती आज हिंसा, जुलूस, प्रदर्शन, पुलिस दमन और अराजकता का शिकार हो गयी है। यह बेहद चिंता की बात है। बंगाल बौद्धिकों का प्रदेश रहा है। बंगाल की यह एक बार फिर पुलिस की गोली, लाठीचार्ज, अश्रु गैस के गोले और बम के धमाकों से लहूलुहान हो रही है। बंगाल कविवर रविंद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष बोस और कई अन्य ऐसी विभूतियों का घर रहा है, जिन्होंने न केवल देश, अपितु पूरे विश्व को ज्ञान और उदार चरित्र का संदेश दिया। उन लोगों के कर्म, उनका चरित्र और उनके आदर्शों को आनेवाले कई युगों तक याद रखा जायेगा। हालांकि उसी प्रदेश में आजकल अस्पताल के अंदर एक महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या हो जाती है और फिर अपराधी को पकड़ने की बजाय शासनतंत्र उसे बचाने में लग जाता है। यह कितना बड़ा अन्याय है कि जिन लोगों पर नागरिकों को न्याय दिलाने का दायित्व है, वही उन अपराधियों के मददगार बन रहे हैं। सबूत नष्ट करने के ध्येय से शासन की उपस्थिति में अराजक भीड़ अस्पताल पर हमला कर देती है। तोड़फोड़ करती है। आश्चर्य तो तब होता है, जब डॉ की रेप के बाद हत्या के मामले में सवालों के घेरे में घिरे तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप को बचाने के लिए वहां से दूसरी कॉलेज में ट्रांसफर कर दिया जाता है। जाहिर है यह ट्रांसफर ममता बनर्जी की सहमति के बिना नहीं हुआ होगा। अराजकता के इस माहौल से बेचैन-परेशान जनता, जिसका जमीर जिंदा है, सड़क पर आ जाती है, लेकिन सड़क पर उसे पुलिस की लाठियां खानी पड़ती हैं, तेज पानी की बौछारें झेलनी पड़ती हैं और फिर पुलिस केस भी झेलने पड़ते हैं।

कोलकाता में आरजी कर अस्पताल में रेप-हत्या के मामले में जिस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं, वे हैरान करनेवाली हैं। इस मामले में अभी तक डॉक्टर ही हड़ताल पर थे और प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन अब इसने राजनीतिक रंग ले लिया है और सोमवार 26 अगस्त को तो राजधानी कोलकाता में जो हुआ, उसने प्रदेश सरकार के असली रंग को सामने ला दिया।

### ममता के नियंत्रण से बाहर हो रहे अराजक तत्व

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को निर्बलों की मददगार कहा जाता था। उन्होंने सड़क से लेकर संसद तक देश के कमजोर तबकों के लिए काम किया, लेकिन फिर मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके तेवर जिस प्रकार से बदले हैं, वह उन सभी लोगों को चिंतित करता है, जो नेताओं में अच्छाई को तलाशते हैं। इस मामले से पहले बंगाल में जितने भी हिंसा और प्रदर्शन के मामले सामने आये हैं, उनमें ममता सरकार की भूमिका बेहद संशयपूर्ण रही है। संदेशखाली, जिसमें एक अप्रवासी ने आकर महिलाओं का यौन शोषण किया और अवैध धंधों के बल पर अपना वर्चस्व कायम कर लिया, पर कार्रवाई करते हुए ममता सरकार घबराती रही। न जाने क्यों जैसे ममता सरकार केंद्र सरकार से टकराने को तैयार रहती है, वैसे राज्य में अपराध की रोकथाम और रोजगार और काम-धंधे विकसित करने की जरूरत में वह खामोश हो जाती है।



आरजी कर अस्पताल की वारदात के बाद राज्य पुलिस को यहां सुरक्षा बढ़ानी चाहिए थी, लेकिन हुआ कुछ ऐसा, जो हैरान करता है। रात के अंधेरे में हजारों की तादाद में उपद्रवी आते हैं और अस्पताल के अंदर तोड़फोड़ करते हुए सबूत नष्ट करके चले जाते हैं और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उपद्रवियों की जगह इसके लिए अपने राजनीतिक विरोधियों को दोषी ठहराने में लग जाती हैं। यह भी कितना दुखद है कि प्रदेश में लोग सच बोलने का साहस नहीं कर रहे हैं। दूसरे राज्यों में जब अपराध होता है, तो इसी राज्य से इंसाफ की मांग होने लगती है, लेकिन जब बंगाल ही हिंसा और अराजकता की आग में जल रहा होता है, तो यहां के शासक खुद सड़क पर उतर कर शांति का संदेश देने का ढोंग करते हैं। यह सब कितना हास्यास्पद है। माना जाता है कि किसी मुख्यमंत्री का एक आदेश व्यवस्था कायम करने के लिए काफी होता है। उसे सड़क पर आकर ऐसा दिखावा करने की आवश्यकता नहीं है। इसका अर्थ यह भी है कि संबंधित मुख्यमंत्री से राजकाज संभाला नहीं जा रहा है। वह सिर्फ एक राजनीतिक दल की मुखिया के तौर पर पूरे प्रदेश को देख रही हैं। बंगाल में आजकल जो भी हो रहा है, वह पूरी तरह अनुचित और भयावह है। आखिर ऐसे दंगों, प्रदर्शन, हिंसा, आंदोलन के बीच कोई कैसे जी सकता है।

### राजनीतिक औजार के रूप में गुंडा

स्थानीय हिंसा पर नियंत्रण बंगाल की राजनीति की मुख्य विशेषता है, जो कम से कम 1946 के कुख्यात कलकत्ता हत्याकांड के बाद से स्पष्ट है, जब मुस्लिम लीग के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ गठबंधन द्वारा हिंसा का आह्वान गुंडा-संचालित गिरोहों द्वारा हजारों लोगों की हत्या में बदल गया था। गुंडे राज्य में पार्टी की राजनीति की धुरी बने हुए हैं। यह वाम मोर्चे के लिए उतना ही सच है, जितना कि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के लिए। इससे पहले, बंगाल कांग्रेस ने तत्कालीन सीएम सिद्धार्थ शंकर रे सहयोग से धमकाने की प्रथाओं का खुल कर इस्तेमाल किया, जिन्होंने नक्सलियों के खिलाफ अनौपचारिक और राज्य प्रायोजित हिंसा का शासन चलाया। अब बंगाल गुंडों के लिए एक प्राकृतिक आवास बन चुका था। गुंडा, यानी एक ऐसा व्यक्ति जिसके पास राजनीतिक संपर्क हैं और जो अनौपचारिक हिंसक बल में श्रमिकों को संगठित करने में सक्षम है। वाम मोर्चा सरकार की मार्क्सवादी भाषा में गुंडों ने उपद्रवी तत्वों को संगठित किया और इसलिए उनकी नजर में कांग्रेस की राह पर चलते हुए, पार्टी द्वारा उन्हें तैनात करना सही था। उपद्रवी तत्वों का मतलब अपराधियों, आवारा और बेरोजगारों का समूह है, जिनमें वंचित वर्ग के तौर पर अपने सामूहिक हितों के बारे में जागरूकता की कमी होती है।

### बंगाल के सिस्टम में ही रचे-बसे गुंडे

बंगाल का यह सच दुनिया भर में प्रचलित है कि यहां स्थानीय गुंडों को खुश किये बिना कोई स्थानीय सेवाओं तक नहीं पहुंच सकता, कोई छोटा व्यवसाय नहीं चला सकता या रोजमर्रा की जिंदगी नहीं जी सकता। दलबदल करने वाला गुंडा राजनीतिक धाराओं में बदलाव की पहले से चेतावनी देता है। मनुष्य का मनोविज्ञान मानता है कि अक्सर वास्तविक हिंसा से ज्यादा महत्वपूर्ण होता है उसका खतरा। इसलिए बंगाल के लोग इस खतरे को ही दूर करने के लिए उतावले होते हैं।

बंगाल में तृणमूल के सत्ता में आने का श्रेय बंगाल के बुद्धिजीवियों में माकपा की पूर्ववर्ती सरकार के प्रति असंतोष को जाता है, जिन्होंने 2007 में इसे छोड़ना शुरू कर दिया था। उन्हें लगा कि वाम मोर्चा बहुत लंबे समय से सत्ता में है और इसने अपने मध्यम-किसान मतदाताओं से मुंह मोड़ कर चीनी शैली के कम्युनिस्ट-नियंत्रित पूंजीवाद की ओर रुख कर लिया है। नंदीग्राम और सिंगूर में किसानों को बेदखल करने के माकपा के प्रयासों से प्रेरित हिंसा के बाद, पुराने नक्सली माओवादियों का एक समूह भी इसमें शामिल हो गया।

### हिंसा की विरासत

जल्द ही तृणमूल ने उन लोगों पर ही हमला कर दिया, जिन्होंने इसे सत्ता में लाया था। केंद्र में तत्कालीन कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन का साथ देते हुए इसने नक्सलियों के खिलाफ राज्य स्तर पर हिंसा शुरू कर दी और तृणमूल को माकपा के बुद्धिजीवियों की विरासत तो नहीं मिली, लेकिन उसे वामपंथियों के कैडर का एक बड़ा हिस्सा और राजनीतिक धमकी के तरीके विरासत में जरूर मिले। माकपा के बुद्धिजीवी तो बहुत पहले ही निराश हो चुके थे। इसलिए ममता बनर्जी के रूप में उन्हें एक विकल्प मिला और बहुत से लोग उनके साथ हो लिये।

### ममता बनर्जी की चूक

ममता बनर्जी यहीं चूक गयीं। उन्होंने राजनीतिक लोकप्रियता को निजी पूंजी मान लिया। इसका परिणाम यह हुआ कि तृणमूल ने कोई संयम नहीं रखा। पार्टी की वफादारी के इनाम के तौर पर कैडर को जबरन वसूली, हिंसा, बलात्कार और हत्या के इस्तेमाल की बहुत हद तक छूट दे दी गयी। भारत और दुनिया भर में कई लोकलुभावन राजनीतिक दलों के समान, तृणमूल द्वारा हिंसा का गैर-कानूनी उपयोग एक पार्टी कैडर द्वारा किया जाता है, जिसका पार्टी से संबंध यदि आवश्यक हो, तो नकारा जा सकता है। कोलकाता मेडिकल कॉलेज में ऐसा ही कुछ हुआ और परिणाम सबके सामने है।

आज स्थिति यह है कि ममता बनर्जी मुख्यमंत्री होते हुए भी जलने-जलाने की बात कर रही हैं। देश भर में अशांति फैलाने की धमकी दे रही हैं। यह पूरे देश के लिए चिंता की बात है। वह भूल रही हैं कि भीड़ किसी की नहीं होती। वह तब तक ही आपके साथ होती है, जब तक उसका हित आपसे सधता है। ऐसा नहीं होने पर यही भीड़ आपके खिलाफ भी हो सकती है और बंगाल में ऐसा ही कुछ हो रहा है, जो दुखद-चिंतनीय है।

बंगाल का सच यही है कि पहले सत्ता को मजबूत बनाये रखने के लिए ममता बनर्जी ने गुंडों-उपद्रवियों का इस्तेमाल किया। उनके सहारे उन्होंने अपने राजनीतिक विरोधियों को धमकवाया, उन्हें पलायन करने पर भी मजबूर कर दिया। अब वही उपद्रवी और अराजक तत्व बंगाल में मनमानी कर रहे हैं और अब ममता की भी नहीं सुन रहे हैं। इसी से ममता की बेचैनी बढ़ी है और गुस्से में जो मन कर रहा है, बोल रही हैं।

# स्पेशल ब्रांच के अधिकारी अपनी ड्यूटी कर रहे थे: सुप्रियो भट्टाचार्य

- ■ कहा, हिमंता बिस्वा सरमा की बातें संघीय ढांचे के लिए सही नहीं
- ■ असम की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाये
- ■ गृह मंत्री से पूछा, क्या यह सही है कि राजकीय कोष से चुनाव प्रचार किया जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की आलोचना की है। गुरुवार को सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने असम में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में निम्नस्तरीय बातें कहीं हैं। सुप्रियो ने कहा कि लेकिन कल जिस प्रकार का वाकया पेश हुआ, जैसे लगा कि भूचाल आ गया। प्रेस कांफ्रेंस तक हो गये कि राज्य सरकार जासूसी करा रही है। जबकि जिनकी बातें हो रही है, वे कल तक राज्य के मंत्री थे, पूर्व में मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं तो उनके हिसाब से उन्हें जो सुरक्षा कवच मिलना चाहिए, वही वहां भी मिला हुआ था। स्पेशल ब्रांच के अधिकारी, जो उन्हें ड्यूटी मिली थी, वे तो अपनी ड्यूटी करेंगे ही। सुप्रियो ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा की बातें संघीय ढांचे के लिए सही नहीं हैं



और उन्होंने असम पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाये हैं। सुप्रियो ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा को पता होना चाहिए कि राज्य के मुख्यमंत्री या मंत्री के दौरे की सारी बातें तथ्यों और समयों के साथ सभी महत्वपूर्ण पदाधिकारियों को उपलब्ध हो जाती हैं, ताकि उन्हें सुरक्षा कवच मिल सके। उन्होंने कहा कि सरमा की बातें ओछी मानसिकता को दर्शाती हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से भी सवाल किया कि क्या यह सही है कि राजकीय कोष से चुनाव प्रचार के लिए खर्च वहन किया जाये। सुप्रियो ने कहा कि असम पुलिस ने राज्य पुलिस मुख्यालय को एक पत्र भेजा था कि हिमंता बिस्वा सरमा राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए झारखंड बार-बार जा सकते हैं, क्योंकि वह भाजपा के स्टार प्रचारक और वहां के चुनाव प्रभारी बनाये गये हैं। सुप्रियो ने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि एक राज्य का मुख्यमंत्री दूसरे राज्य में चुनाव प्रभारी का काम देखता है और अपने राज्य की सारी सुरक्षा व्यवस्था को झोंक देता है। उन्होंने कहा कि सरमा को अपने पद की गरिमा को बनाये रखना चाहिये।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रेसवार्ता पर भाजपा का पलटवार

# पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की जासूसी कराते फंसी सरकार, अब कहानियां गढ़ रही है: प्रतुल शाहदेव

- ■ यदि चंपाई सोरेन की सुरक्षा में खुफिया विभाग के अधिकारी की नियुक्ति हुई थी, तो इसकी सूचना उन्हें क्यों नहीं दी गयी?
- ■ होटल के बगल के कमरे से छिप कर खुफिया विभाग के अधिकारी तस्वीर ले रहे थे, यह जासूसी नहीं तो और क्या?
- ■ हिमांता बिस्वा सरमा से झारखंड मुक्ति मोर्चा भयभीत रहता है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रेसवार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की जासूसी करायी जा रही थी। पोल खुलने पर अब झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता कहानियां गढ़ कर सरकार के बचाव में लग गये हैं। यह कैसा इत्तेफाक है कि जिस विमान से चंपाई सोरेन जाते हैं, उसी विमान से ये दोनों स्पेशल ब्रांच के अधिकारी जाते हैं। उसी शहर में, उसी होटल में, उसी तल्ले पर बगल के रूम में ये ठहरते हैं, जहां चंपई सोरेन भी ठहरते हैं। उसके बाद ये छुप छुप कर चंपाई सोरेन से मिलने वालों की तस्वीर खींच रहे थे। सबसे बड़ा प्रश्न है कि जब चंपाई सोरेन की सुरक्षा में खुफिया विभाग के दो अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हुई थी, तो यह सूचना चंपाई सोरेन को क्यों नहीं दी गयी?



जाहिर तौर पर अब सरकार मामले की लीपापोती करा रही है। इस मामले को लेकर दिल्ली के चाणक्यपुरी थाने में शिकायत भी दर्ज होती है। फिर खबरें आती हैं कि हिरासत में लिये गये अधिकारियों को बांड लिखा कर छोड़ा गया। प्रतुल ने कहा कि यह साफ है कि हेमंत सोरेन विचलित होकर सभी राजनीतिक मर्यादाओं को लांघ कर अपने पिता के उम्र के बराबर के पूर्व मुख्यमंत्री रहे चंपाई सोरेन जी की जासूसी करवा रहे थे।

प्रतुल ने कहा कि अब झारखंड पुलिस बचाव में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रही है। सत्ता के दलाल प्रेम प्रकाश के घर में इडी की रेड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाउस गार्ड के दो एक-47 बरामद होने पर भी कहा था कि बारिश से बचने के लिए वे हथियार वहां रख दिये गये थे। आज जासूसी मामले में पकड़े जाने पर अब सुरक्षा का बहाना बना रहे हैं। यह उनकी पुरानी आदत है।

प्रतुल ने कहां की असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के दौरों से झारखंड मुक्ति मोर्चा भयभीत रहती है। इसलिए अमर्यादित आरोपी लगाती रहती है। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन या कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी, सोनिया गांधी जब दूसरे प्रदेशों के चुनावी दौरे में जाते हैं, तो उनकी सुरक्षा का खर्च केंद्र सरकार उठाती है। उस बात पर झामुमो को एतराज नहीं। हिमांता जी से झामुमो का डर सर चढ़ कर बोलता है।

www.epaper.azadsipahi.in

30 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 310

आज भाजपा में शामिल होंगे चंपाई





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



### गोवा शिपयार्ड में निर्मित अत्यधिक प्रदूषण नियंत्रण पोर्ट का हुआ जलावतरण समारोह

# समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है मोदी सरकारः संजय सेठ

**सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के लिए समुद्री शक्ति में जारी रहेगा निवेश और निर्माण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भारत में निर्मित अत्याधुनिक प्रदूषण नियंत्रण को समुद्र प्रताप का जलावतरण समारोह गुरुवार को गोवा में स्थित शिप यार्ड में संपन्न हुआ। इस दौरान भारतीय तटरक्षक दल की परंपरा का अनुसरण करते हुए रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ की धर्मपत्नी नीता सेठ ने इस पोत का जलावतरण किया। यह नियंत्रण पोत पूरी तरह से भारत में निर्मित है। इस अवसर पर पश्चिमी तट नियंत्रक आइजी विष्णु शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि इतने बड़े पोत का निर्माण मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसह मुहिम के प्रति हमारे समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मेरी धर्मपत्नी नीता सेठ के हाथों यह महत्वपूर्ण और शुभ कार्य संपन्न हुआ। मैं ईश्वर से इस प्रदूषण नियंत्रण पोत की सफलता की कामना करता हूं। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने भारतीय तटरक्षक बल की जहाज निर्माण योजना को पूर्ण रूप से सहयोग और समर्थन दिया है। भारतीय तटरक्षक हमारी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इनका यह कार्य प्रशंसनीय है। अगले तीन से पांच वर्षों में आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के तहत भारतीय तटरक्षक बल और भी कई ऐसे जहाज तैयार करने वाला है। 1960 में एक छोटी नाव मरम्मत सुविधा के रूप में शुरू होनेवाला गोवा का शिपयार्ड आज भारतीय तटरक्षक और नौसेना के लिए आधुनिक जहाज के निर्माण का बड़ा केंद्र बन गया है। यह हर देशवासी के लिए गौरव की बात है। जीएसएल के आधुनिकीकरण कार्यक्रम के क्रियान्वयन से इस यार्ड की क्षमता में काफी वृद्धि हुई। मंत्री ने कहा कि आज का लांचिंग समारोह हमारे कर्तव्य परायणता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह संदेश स्पष्ट है कि भारत समुद्री शक्ति में अपना निवेश और निर्माण कार्य जारी रखेगा ताकि हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो और समृद्ध हो।

### निशिकांत अपने बयान के लिए माफी मांगें नहीं तो आंदोलन और तेज होगा : मूलवासी सदान मोर्चा



रांची (आजाद सिपाही)। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के विरोध में मूलवासी सदान मोर्चा ने रातू में पुतला दहन किया। मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पर सांसद दुबे की अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मोर्चा के अध्यक्ष मंजूर खान ने दुबे के बयान की घोर निंदा की और कहा कि यह झारखंड के लोगों का अपमान है। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि दुबे के बयान से ओबीसी, दलित और मूलवासी सदान समुदाय के लोगों को ठेस पहुंची है। उन्होंने दुबे से माफी मांगने की मांग की। पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल लोगों ने दुबे के खिलाफ नारेबाजी भी की। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि दुबे ने अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगी तो वे आंदोलन और तेज करेंगे। इस मौके पर हजार मोदी, विशाल साहू, वासुदेव महतो, मुकेश पुराण,संदीप साहू, शिव कुमार, विकास कुमार, मृत्युंजय साहू, सूरज सिंह, अर्पित निखिल गोप, राजू पासवान, मंटू साहू, निसार खान सहित कई अन्य शामिल थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर कई कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भारत के खेल इतिहास की महान हस्ती, मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच शारीरिक फिटनेस और खेल भावना के महत्व को उजागर किया गया। इस आयोजन में रंगारंग वेशभूषा प्रतियोगिता, खेलों के महत्व पर आधारित एक गीत और प्रेरणादायक भाषण शामिल थे। दिन का मुख्य आकर्षण छात्रों और शिक्षकों के बीच खेला गया मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच था, जिसमें छात्रों की टीम ने विजय प्राप्त की। पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय रूप से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करना था। प्राचार्या परमजीत कौर ने खेलों के महत्व पर जोर दिया, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक विकास के लिए भी लाभकारी हैं। उन्होंने सभी को खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया, जिससे इसके बहुआयामी लाभों को समझा जा सके।

## डीएसपीएमयू में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**खेल में परिणामों की अपेक्षा सहयोग और सामूहिकता की भावना अधिक महत्वपूर्ण : डॉ तपन कुमार शांडिल्य**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न टीमों की भागीदारी रही। प्रतियोगिता का उदघाटन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, राष्ट्रीय खेल दिवस की स्थापना भारत के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए की गयी थी। यह दिन, 29 अगस्त, मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसमें खेल में उनके योगदान को दर्शाया जाता है। ध्यानचंद को खेल में उनके असाधारण कौशल और उपलब्धियों के लिए याद किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि आज अगर खेलों की बात की जाये तो खेलों के माध्यम से जो स्पष्ट संदेश समाज में दिया जा सकता है वह है, सहयोग और सामूहिकता की भावना के विकास का। किसी भी खेल में एक टीम के तौर पर ही उसका अंतिम परिणाम और प्रदर्शन निर्भर करता है जो

## चतरा राइफल क्लब रांची के निशानेबाज डीएवी जोनल चैंपियनशिप में टॉप स्कोरर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** चतरा राइफल क्लब रांची के निशानेबाजों ने डीएवी जोनल चैंपियनशिप अपने नाम किया। रांची के डीएवी हेहल स्कूल में जोनल चैंपियनशिप समापन हुआ। जिसमें चतरा राइफल क्लब रांची के खिलाड़ियों ने मेडल के साथ नेशनल क्वालीफाई कर लिये। अब ये सारे खिलाड़ियों डीएवी नेशनल दिल्ली जायेंगे।

**खिलाड़ियों के नाम और उपलब्धि**

1. अदिति महिमा टॉप स्कोरर और डबल गोल्ड मेडल
2. मान्या कुमारी गोल्ड और सिल्वर मेडल
3. यसीका किंगर एक गोल्ड
4. वैश्विक सिंह राठौड़ गोल्ड और सिल्वर
5. अर्णव कुमार ब्रोंज मेडल

ला सभी खिलाड़ी नेशनल के लिए क्वालीफाई कर लिये है। ये सब खिलाड़ियों का मेडल कोच नीतीश सर का देन है। जो पहले और आज खिलाड़ी भारत के कोने कोने में अपने ज़िला का नाम रौशन कर रहे हैं। आगामी चैंपियनशिप उइरउ, खेलों झारखंड , ईस्ट जोनल और सीबीएसइ चैंपियनशिप खेल की तैयारी में नीतीश सर जोर शोर से लगे हैं और उम्मीद है कि सभी खिलाड़ी अपना परचम लहरायेंगे।

## महाप्रबंधक ने किया पाटलिपुत्र-पूर्णिया कोर्ट रेलखंड का निरीक्षण



**सहरसा स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा भी की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज सोनपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी के रास्ते पाटलिपुत्र-सहरसा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरन उन्होंने मार्ग में पड़नेवाले रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओचई, सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा सहरसा स्टेशन का निरीक्षण कर सकुर्लेटिंग एरिया, साफ-सफाई, प्रतीक्षालय, एफओबी, प्लेटफार्म सहित यात्रियों को उपलब्ध करायी जा रही समस्त सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने वाशिंग पीट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ सहरसा स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गुरुवार को मधेपुरा इलेक्ट्रिक लोको फैक्ट्री में इंजन निर्माण कार्य का गहन मुआयना किया गया। इसके उपरांत मधेपुरा इलेक्ट्रिक लोको फैक्ट्री के उच्चाधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में लोको फैक्ट्री के क्रिया कलापों एवं उत्पादन आदि से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। यह कारखाना उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा के उच्चतम मानकों के साथ तैयार की गयी एकीकृत यूनिट है जो मेक इन इंडिया का सर्वोत्तम उदाहरण है। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने पूर्णिया कोर्ट स्टेशन पर पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की उपस्थिति में स्टेशन पर यात्री सुविधाओं आदि का जायजा लिया। इस दौरान सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव एवं महाप्रबंधक के मध्य पूर्णिया कोर्ट एवं इसके आस-पास के स्टेशनों से संबंधित यात्री सुविधा आदि से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद तथा समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित रहे।

## राज्यपाल संतोष गंगवार ने सैनिक कल्याण बोर्ड से कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

**हजारीबाग में एनसीसी यूआरसी कैंटीन के संचालन के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी**

**राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्देश दिया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में गुरुवार को राजभवन में सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखंड की 16वीं राज्य प्रबंध समिति की बैठक की गयी। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि सैनिक कल्याण बोर्ड प्रस्ताव तक सिर्फ सीमित नहीं रहे, बल्कि अपने कार्यों में तेजी लाये। जहां कहीं भी कैंट है, वहां आपस में विभिन्न विषयों पर चर्चा होनी चाहिए तथा वहां की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। सभी को अपनी जिम्मेदारी के तहत कार्य करना चाहिए। सबके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। राज्यपाल ने मौके पर सैनिक मार्केट में भूतपूर्व सैनिकों को वर्षों पहले आवंटित दुकान खाली कराने के विषय पर कहा कि जब सभी चीजें सही और अनुकूल चल रही हों तो अनावश्यक खाली कराने की कार्रवाई क्यों। अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। सभी से वार्ता कर कोई अन्य उपाय निकालना चाहिए। दुकान के किराये में वृद्धि पर उनसे बात की जा सकती है। मौके पर हजारीबाग में एनसीसी यूआरसी कैंटीन के संचालन के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी। राज्यपाल ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्देश दिया। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों के मेधावी बच्चे, जिनका चयन commissioned officer में हुआ है, उन्हें आरंभ में 25000 रुपये पारितोषिक राशि के रूप में देने की बात कही। वैसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें रोजगार की सख्त आवश्यकता है, को राज्य में मौजूद विभिन्न कंपनियों में समायोजित करने की बात कही गयी एवं भूतपूर्व सैनिकों को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने पर चर्चा भी हुई। इस अवसर पर विभिन्न लोक उपक्रम इकाई में गार्ड के रूप में भूतपूर्व सैनिकों को डीजीआर के तहत सिक्योरिटी एजेंसी से सेवाएं ली जाये, इसके लिए आग्रह किया गया। राज्यपाल के समक्ष अंकेक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा सैनिक कल्याण बोर्ड की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल के समक्ष वर्षों से बंद पड़े वेलफेयर सिनेमा हॉल को मॉल में बदलने व इसके पार्किंग क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की चर्चा की गयी। साथ ही पूर्व सैनिकों के होल्डिंग टैक्स माफ करने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। भूतपूर्व सैनिकों को राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली नियुक्ति में आरक्षण का लाभ मिले, यह आग्रह किया गया। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यांगते, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, प्रधान सचिव, वित्त विभाग मस्तराम मीणा सहित निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखंड, सहायक निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखंड, जीओसी-23 इन्फैंट्री डिवीजन, सचिव, भूतपूर्व सैनिक कल्याण, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार सहित कई वरीय पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### जेसीएम का प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिला



रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को झारखंड छात्र मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने छात्रहित के कई मुद्दों को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जेसीएम ने मैनेजमेंट विभाग में नियुक्ति जो कई महीनों से लटकी हुई है उसे जल्द पूरा करने करने की बात कही। बता दें कि मैनेजमेंट विभाग में शिक्षकों की कमी है जिसके कारण उनका पठन-पाठन बाधित रहता है। मैनेजमेंट में छात्र छात्राओं के संख्या के अनुपात में शिक्षकों की कमी है जिसे नये सेशन के शुरुवात से पहले कर लेने की जरूरत है। मौके पर छात्र मोर्चा के अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, संघटन सचिव इरफान खान, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मनीष राणा उपस्थित रहे।

### जयराम पासवान लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल



रांची (आजाद सिपाही)। लोकहित अधिकार पार्टी की भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन जिलाध्यक्ष राम भजन गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पलामु जिला प्रभारी अशोक कुमार साहू एवं पलामू जिलाध्यक्ष सुनील कुमार भूईयां उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव जयराम पासवान को माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। बैठक में चुनमुन गुप्ता, अनील पासवान, संजय वर्मा, अशोक पासवान, देवंश गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, उमेश रजक, शिव कुमार विश्वकर्मा, नवीन रजक, दिलीप साव, राजेश माली, सुदामा विश्वकर्मा, मुस्लिम अंसारी सहित, सुरेश साव, त्रृषि साव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड स्थित सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल न्यू अशोक नगर, रांची में नेशनल स्पोर्ट्स डे के अवसर पर कक्षा षष्टम से दशम तक के बच्चों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत विद्यालय के निदेशक डॉ दीपक कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय करने के उपरांत टॉस करके किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन के सदस्य रमाकांत प्रसाद, सुषमा सिन्हा, अक्षय कुमार सिन्हा, विद्यालय प्रचार्या श्रावणी पांडेय ने भी ग्राउंड में उतरकर बच्चों के मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर रमाकांत प्रसाद ने कहा कि यह खेल बच्चों को एक व्यापक कसरत कराता है। इस क्रम में सिंगल वॉलीबॉल कंपटीशन के विनर ब्लू हाउस के टीम रहा जिसमें पीयूष उरांव, प्रियांशु उरांव, रोहित चंपिया, सोनू सुरीन, आयुष कुमार और राहुल कुमार रहे वहीं मिक्स वॉलीबॉल कंपटीशन के विनर रेड और येलो हाउस की टीम रही, जिसके खिलाड़ी इश्मित कुमार, हेमंत कुमार, आदित्य राज, श्रीकांत चिक बड़ाइक, आर्यन लकड़ा, मनीष कुमार और मो फैजान रहे। विद्यालय की प्राचार्य श्रावणी पांडेय ने बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। खेल का संचालन विद्यालय के खेल-कूद शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार पांडेय, विवेक कुमार, संदीप कुमार के नेतृत्व में किया गया।भारतीय युवा संघ गणपति पूजा समिति का हुआ भूमि पूजन

### पांच दिवसीय गणेश महोत्सव को लेकर हुआ भूमि पूजन



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय युवा संघ गणपति पूजा समिति, पिस्का मोड़, लकड़ी टाल की ओर से गुरुवार को गणेश पूजा पंडाल का निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस वर्ष समिति ने भव्य पंडाल निर्माण कर पूजा करने का निर्णय लिया है। समिति के अध्यक्ष बिट्टू सिंह ने बताया कि इस बार पूजा की तैयारी वृहद् रूप में की जा रही है। पांच दिनों तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसमें भजन संध्या की व्यवस्था की गयी है। कहा कि पंडाल में आकर्षक विद्युत सज्जा की जायेगी। मीडिया प्रभारी नमन भारतीय ने बताया कि इस वर्ष का पूजा मुख्य आकर्षण का केंद्र गणपति बप्पा की मूर्ति होगी। मीडिया प्रभारी नमन भारतीय ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन से पांच दिनों के लिए भगवान गणेश की प्रतिमा को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित की जायेगी। पांच दिवसीय महोत्सव में पूजा-अर्चना, भोग वितरण के साथ प्रत्येक दिन की संध्या आरती का भव्य आयोजन किया जायेगा। भूमि पूजन में समिति के अध्यक्ष बिट्टू सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज साह, मीडिया प्रभारी नमन भारतीय, पंचम सिंह, भोलू सिंह, आशीष अग्रवाल, संतोष कुमार,कुशवंत कुमार,प्रसिद ओझा, अविनाश साह, रवि साह, संजू साहू,मोनू शर्मा,सुधांशु रंजन, बिट्टू कुमार साहू, राहुल शर्मा, सिनू वर्मा, विवेक साह, मनीष राय,कुशवंत कुमार,आंनद यादव, रूद्र प्रजापति, मोहन कुमार समेत अन्य सदस्य मौजूत थे।

30 अगस्त, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 310

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली ढेर



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxilary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## हेमंत कैबिनेट की बैठक में 44 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# राज्य के 39.44 लाख बिजली उपभोक्ताओं का बकाया माफ

■ शहीद अग्निवीरों के आश्रितों को मुआवजा और सरकारी नौकरी

■ राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता भी बढ़ाने का फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में 44 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दाडेल ने कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के 39 लाख 44 हजार 389 बिजली उपभोक्ताओं, जो 200 यूनिट तक बिजली माफी योजना का लाभ ले रहे थे, उनका बकाया एरियर माफ कर दिया गया। इनका 3584 करोड़ रुपया बकाया था। इसके अलावा राज्य सरकार के पुराना वेतन ले रहे कर्मियों का महंगाई भत्ता 230 प्रतिशत से 239 प्रतिशत किया गया। इसका लाभ एक जुलाई 2024 से मिलेगा। इसके अलावा शहीद होने वाले अग्निवीरों के आश्रितों को झारखंड सरकार आर्थिक मदद देगी। साथ ही एक आश्रित को सरकारी नौकरी भी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि आश्रित को पूरी तरह से परिभाषित किया गया है। अग्निवीर सैनिक की पत्नी और आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान 10 लाख और अनुकंपा पर नौकरी दी जायेगी।

(देंखे पेज 06 भी)

# समुचित व्यवस्था करेंगे, लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा : सीएम

मुख्यमंत्री ने सीएचओ को सौंपा नियुक्ति पत्र

पूरे राज्य में 365 सीएचओ की हुई नियुक्ति



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि उनकी सरकार राज्य के सभी लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का लगातार प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य के साथ कई जनहित के कार्य एवं नीति निर्धारण राज्य सरकार द्वारा किये गये हैं। उनकी सरकार के समक्ष भी कई चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे पास मैनपावर नहीं होगा, तब तक बेहतर कार्य नहीं हो सकता है। उनकी सरकार स्वास्थ्य विभाग को लेकर लगातार प्रयासरत रहती है। राज्य सरकार ने जिस तरह से स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए कार्ययोजना बनायी है, उससे बहुत जल्द इस राज्य में सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था प्रदान करेंगे, ताकि यहां से किसी को इलाज के लिए अन्य राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़े। आम लोग स्वस्थ तभी रहेंगे, जब स्वास्थ्य विभाग खुद स्वस्थ रहेगा। इसके लिए पांच करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, ताकि स्वास्थ्य केंद्रों की साफ-सफाई और रख-रखाव बेहतर तरीके से की जा सके। सरकार ने व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए पिछले चार वर्षों में विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्तियां की हैं। नियुक्तियों का यह सिलसिला लगातार जारी है। आज राज्य सरकार 365 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) को राज्य के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थापित कर रही है। सभी नवनियुक्त सीएचओ आज से राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करेंगे। नवनियुक्त सभी सीएचओ राज्य सरकार की ऐसी कड़ी बन रहे हैं, जहां उनके कंधों पर स्वास्थ्य क्षेत्र की बड़ी जिम्मेदारियां रहेंगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में 365 सीएचओ के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सांकेतिक रूप से पांच सीएचओ को नियुक्ति पत्र सौंपा।

(शेष पेज 06 पर)

# आज भाजपा में शामिल होंगे चंपाई

शहीद मैदान में आयोजित होगा कार्यक्रम

शिवराज और हिमंता दिलायेंगे सदस्यता

बाबूलाल और अन्य नेता भी रहेंगे मौजूद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री चंपाई सोरेन शुक्रवार को रांची के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा में शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा उन्हें पार्टी में शामिल करायेंगे। उनके अलावा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश के दूसरे नेता भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। चंपाई सोरेन के साथ उनके पुत्र बाबूलाल सोरेन को भी भाजपा की सदस्यता दिलायी जायेगी। कार्यक्रम तीसरे पहर तीन बजे होगा। बता दें कि बुधवार को दिल्ली से लौटने के बाद चंपाई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता और राज्य कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

**पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, निभायेंगे: चंपाई :** इस बीच चंपाई सोरेन ने भाजपा में शामिल होने से पहले बताया कि वह आगे पार्टी में क्या जिम्मेदारी निभायेंगे, इसका फैसला पार्टी करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, उसे हम निभायेंगे। उन्होंने कहा कि हम बहुत सोच-समझ कर भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं और वहां से हम आदिवासियों के अस्तित्व को बचायेंगे।

### घुसपैठियों का मुद्दा उठायेंगे

इससे पहले चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक पत्र लिख कर घुसपैठियों के मुद्दे को रेखांकित किया था। उन्होंने लिखा था कि आदिवासियों एवं मूलवासियों को आर्थिक तथा सामाजिक तौर पर तेजी से नुकसान पहुंचा रहे इन घुसपैठियों को नहीं रोका गया, तो संथाल परगना में हमारे समाज का अस्तित्व संकट में आ जायेगा। पाकुड़, राजमहल समेत कई अन्य क्षेत्रों में उनकी संख्या आदिवासियों से ज्यादा हो गयी है। राजनीति से इतर, हमें इस मुद्दे को एक सामाजिक आंदोलन बनाना होगा, तभी आदिवासियों का अस्तित्व बच पायेगा।

## रांची पहुंच कर शिवराज सिंह ने हेमंत को घेरा, कहा

# झारखंड के मुख्यमंत्री तो जासूस निकले

चंपाई को इसलिए अपमानित किया गया, क्योंकि उन्होंने गलत काम करनेवालों को रोका, दलालों-बिचौलियों पर रोक लगानी चाही। इसके लिए शाबाशी देने की जगह उन्हें अपमानित किया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री और झारखंड के प्रभारी शिवराज सिंह गुरुवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कठघरे में खड़ा किया। कहा कि एक डरा हुआ मुख्यमंत्री अपने मंत्री की ही जासूसी करा रहा है और केवल एक की जासूसी नहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा और गठबंधन में जितने मंत्री, विधायक हैं, सबकी जासूसी हो रही है और दो महीने जिसको मुख्यमंत्री रहना है, वह एक महीने का मंत्री भी बनाता है। उन्होंने पत्रकारों को इंगित करते हुए कहा कि मित्रों, झारखंड के मुख्यमंत्री तो जासूस निकले।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चंपाई सोरेन को जिस तरह अपमानित किया गया है। जिस ढंग से मुख्यमंत्री रहते हुए उनके साथ व्यवहार हुआ है, वह आश्चर्यजनक है। चंपाई सोरेन अच्छा काम कर रहे थे। उन्होंने झारखंड को पटरी पर लाने की कोशिश की, गलत वसूली करने वालों के काम रोके। राज्य को दलालों-बिचौलियों से मुक्त करना चाहा, जहां इसके लिए उनकी प्रशंसा होनी चाहिए थी, वहां उलटे इसके लिए उन्हें बदला चुकाना पड़ा अपमानित होकर। उन्हें इस हद तक आहत किया गया कि झारखंड बचाने के लिए उन्होंने जेएमएम को छोड़ दिया। कहा कि जेएमएम तो अब जासूसी मोर्चा हो गया है। पूरा झारखंड तबाह और बर्बाद है। उन्होंने कहा कि नोटों के ढेर जो बरामद हुए सत्ताधारी पार्टी के यहां से, मंत्री के यहां से वे झारखंड की जनता की लूट की दास्तां बयां कर रहे हैं।

बांग्लादेशी घुसपैठिये हमारे आदिवासी भाई-बहनों की जमीन पर कब्जा करते जा रहे हैं। बेटियों से शादी करके जमीनें छीनी जा रही हैं। भ्रष्टाचार किया जाता है, जुल्म की पराकाष्ठा है। बालू बाल्टी में बिक रहा है। इस सरकार के अंतिम दिन आ गये हैं। झारखंड को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी इस सरकार को उखाड़ कर फेंकेगी।

सवाल - शिवराज जी आप लोगों पर झामुमो आरोप लगा रहा है कि आप लोग झूठ बोलते हैं, जिस जासूसी की बात आप कर रहे हैं, वे सिक्योरिटी में लगे हुए हैं?

उन्होंने कहा कि इससे बड़ा मजाक क्या हो सकता है मित्रों, ये सिक्योरिटी में लगाये हुए लोग हैं, जो जासूसी करते हैं! सरकार को शर्म आनी चाहिए।

## न्यूज रील्स

### आरजी कर मेडिकल अस्पताल के दो सुरक्षा गार्डों का पॉलीग्राफ टेस्ट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी के मामले में सीबीआइ की कार्रवाई जारी है। सीबीआइ ने मामले में जांच का दायरा बढ़ाते हुए अस्पताल के दो सुरक्षा गार्डों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया है। सीबीआइ के अधिकारियों के अनुसार कोलकाता बलात्कार और हत्या मामले के सिलसिले में कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के दो सुरक्षा गार्डों का पॉलीग्राफ परीक्षण किया गया है। बता दें कि इस मामले में सीबीआइ जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है, पहले जहां आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के साथ अन्य लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया था, वहीं इस मामले में सीबीआइ ने एएसआइ रैंक के पुलिस अधिकारी अनूप दत्ता का पॉलीग्राफ टेस्ट किया। अब सीबीआइ ने आरजी कर अस्पताल के दो सुरक्षा गार्डों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया है। सीबीआइ ने गुरुवार को आरजी कर कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से लगातार 14वें दिन पूछताछ की है। पिछले 13 दिनों में उनसे केंद्रीय एजेंसी लगभग 130 घंटे पूछताछ कर चुकी है।

### रायबरेली और वायनाड में चुनाव लड़ने के लिए राहुल को मिले थे 1.40 करोड़

नयी दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग को जानकारी देते हुए बताया है कि उन्होंने अपने नेता राहुल गांधी को वायनाड और रायबरेली से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 70-70 लाख रुपये दिये हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को पार्टी फंड से 87 लाख रुपये दिये गये थे, जो हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा की उम्मीदवार और अभिनेत्री कंगना रनौत से चुनाव हार गये। वहीं पार्टी की तरफ से 70 लाख रुपये पाने वाले अन्य नेताओं में किशोरी लाल शर्मा शामिल हैं, जिन्होंने भाजपा की स्मृति ईरानी को अमेठी में हराया था। केरल में अलपुझा से सांसद केसी वेणुगोपाल और तमिलनाडु में विरुधुनगर से मणिकम टैगोर भी 70 लाख रुपये फंड पाने वालों में शामिल हैं।

# सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी संकल्प पत्र बनायेगी भाजपा : बाबूलाल

समाज के सभी वर्ग समुदायों से प्रत्यक्ष एवं डिजिटल माध्यम से पार्टी लेगी सुझाव

प्रदेश अध्यक्ष ने सुझाव के लिए जारी किये व्हाट्सप नंबर 6202750671



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रदेश भाजपा जनाकांक्षाओं के अनुरूप सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी संकल्प पत्र बनायेगी। श्री मरांडी आज प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। पार्टी अपने संकल्पों को सिद्धि तक ले जाने की दिशा में सार्थक पहल और प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी पार्टी जो वादा करेगी, उसे पूरी तरह जमीन पर उतारेगी। हम ठगबंधन की तरह जनता के सामने झूठे वादे नहीं करते ।

उन्होंने कहा कि पार्टी की घोषणा पत्र समिति विधायक अनंत ओझा के संयोजकत्व में इस कार्य को कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में प्रत्येक जिलों में घोषणा पत्र निर्माण समिति की ओर से प्रांत स्तरीय तीन-तीन नेताओं का प्रवास होगा, जो समाज के अलग-अलग समूह, वर्ग से संवाद स्थापित कर सुझाव संग्रह करेगा। कहा कि सभी मंडलों में घोषणा पत्र सुझाव पेटी में पत्रक के माध्यम से लिखित सुझाव भी लिये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि समिति के कार्यकर्ता अनुसूचित जाति, जनजाति,पिछड़ा वर्ग, किसान, महिला, युवा, खिलाड़ी, व्यापारी, व्यावसायिक संगठन, उद्योग समूह, हॉस्टल में निवास करने वाले छात्र, निजी शिक्षण संस्थान, लोक कलाकार, कर्मचारी संगठन, सेवा निवृत्त कर्मचारी संगठन, दिव्यांग जन, संगठित,असंगठित मजदूर संगठन, स्वयंसेवी संस्थाओं, पंचायती राज प्रतिनिधि, फुटपाथ विक्रेता,ऑनलाइन ट्रेडिंग वर्कर्स, ग्राम प्रधान, मुंडा, मानकी, पाहन, बैगा, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, रसोइया सभी क्षेत्र वर्ग से सुझाव लिये जायेंगे।

कहा कि भाजपा ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) इन चार अमृत स्तंभों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के लिए विभिन जिलों में कार्यक्रम भी आयोजित करेगी। इस अवसर पर घोषणा पत्र समिति के संयोजक विधायक अनंत ओझा ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र विश्वास पत्र के रूप में जनता के बीच राज्य की प्रगति और विकास के लिए विश्वास पैदा करेगा। हताश निराश जनता को विकसित झारखंड बनाने के लिए आगे आने की प्रेरणा देगा।

प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, विजय चौरसिया, विवेक विकास भी उपस्थित थे।

### पाकुड़ में पूर्व मंत्री आलमगीर के करीबी हाकिम के यहां सीबीआइ का छापा

पाकुड़ (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के करीबी हाकिम मोमिन के घर पर सीबीआइ की टीम ने छापामारी की है। सीबीआइ की टीम ने गुरुवार को पाकुड़ शहर स्थित हाकिम के घर पर पहुंच कर कागजात की जांच की। आलमगीर के करीबी हाकिम के बारे में सनसनीखेज जानकारी सामने आयी है। हाकिम के पास वर्ष 2020 में पांच हाइवा हुआ करता था। आज की तारीख में उसके नाम से 107 हाइवा और जेसीबी है। इन गाड़ियों की कीमत करीब एक सौ करोड़ रुपये बतायी जाती है। इन सभी का रजिस्ट्रेशन पाकुड़ से ही कराया गया है। जानकारी के मुताबिक हाकिम ने 107 वाहनों को खरीदने के लिए अलग-अलग बैंकों से लोन लिया है। जिन बैंकों से हाकिम ने लोन लिया है, उनमें एसबीआइ, सीआइएफसीएल, एमएमएफएसएल, एक्सिस बैंक, एचडीबी, आइबीएल, कोटक महिंद्रा, फेडरल, टीएमएफ, एचडीएफसी, आइसीआइसीआइ और टाटा कैपिटल बैंक शामिल हैं। बताया जाता है कि हाकिम की सारी गाड़ियां सरकारी ठेके के काम में लगती हैं।

# रामदास सोरेन बनेंगे हेमंत सरकार में मंत्री, आज शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने हेमंत सरकार में मंत्री रहे चंपाई सोरेन का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। घाटशिला से विधायक रामदास सोरेन अब उनकी जगह लेंगे। इसका प्रस्ताव राजभवन को भेज दिया गया है। रामदास सोरेन शुक्रवार को 11.30 बजे मंत्री पद की शपथ लेंगे। वह हेमंत सोरेन कैबिनेट के 12वें सदस्य होंगे। फिलहाल कैबिनेट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा बैजनाथ राम, मिथिलेश ठाकुर, बेबी देवी, हफीजुल हसन, दीपक बिरूआ, डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, दीपिका पांडेय सिंह, डॉ इरफान अंसारी और सत्यानंद भोक्ता शामिल हैं।

**हर गांव-टोला का विकास राज्य सरकार का लक्ष्य: रामदास सोरेन :** इस बीच विधायक रामदास सोरेन ने गुरुवार को कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव-टोले और अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाना ही राज्य सरकार का लक्ष्य है। वह घाटशिला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दामपरा क्षेत्र की कशीदा, बड़ाजूड़ी और बांकी पंचायत के विभिन्न गांवों में विधायक निधि से 68 लाख 60 हजार एक सौ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास कर रहे थे।

# बालूमाथ में वज्रपात से दो खिलाड़ियों की मौत

फुटबॉल मैच के दौरान मैदान में गिरी बिजली

आधा दर्जन घायल, पूरे इलाके में मचा कोहराम





संतोष सिन्हा

**बालूमाथ/बारियातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के इटके खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच के दौरान गुरुवार को वज्रपात से दो खिलाड़ियों की मौत हो गयी, जबकि आधा दर्जन से अधिक अन्य घायल हो गये। घटना के तत्काल बाद टोंटी पंसस और ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को आनन-फानन में निजी वाहन से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान बारिखाप ग्राम निवासी दीपक कुमार साव (पिता रमेश साव) और बिरेंद्र कुमार गंझू (पिता रामोदी गंझू) के रूप में की गयी है। घायलों में नागेश्वर गंझू, पिंकू गंझू, गोपाल गंझू, पिंटू गंझू, बबन गंझू, करण गंझू, मोहन गंझू बरियातू थाना क्षेत्र निवासी हैं। वहीं इटके निवासी मो अख्तर मियां की एक दुधारू गाय की भी मौत हो गयी है। बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय, बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर तथा बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव और साल्वे पंचायत के मुखिया राजू भगत बालूमाथ सीएचसी में कैंप कर रहे हैं।








## कैबिनेट के अन्य फैसले

- राज्य निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष डीके तिवारी की सेवा अगले एक साल तक या 65 वर्ष आयु में जो पहले हो बढ़ाने की स्वीकृति दी गयी। डीके तिवारी पहले भी इस पद पर तीन वर्ष से थे, लेकिन 12 फरवरी 2024 उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था।
- रांची के कल्याण विभाग के अंतर्गत आवासीय विद्यालय में छात्र बालों की वृद्धि की जायेगी। वर्तमान में 16368 छात्र इन आवासीय विद्यालय में हैं। इसे बढ़ाकर 37 हजार तक किया जायेगा।
- वित्त विभाग के अंतर्गत पीएएमयू में प्रोग्राम डायरेक्टर और एडिशनल डायरेक्टर के पद का सृजन होगा।
- सदर अंचल चाईबासा में छठा अंचल के गठन की मंजूरी दी गयी। इसमें तीन पंचायत को शामिल किया गया।
- डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए भारत सरकार से एमओयू करने की मंजूरी दी गयी।
- होमगार्ड को बढ़ा मानदेय देने की घाटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड वक्फ नियमावली 2024 का गठन किया गया।
- सहायक अध्यापक सेवा शर्त 2024 नियमावली में संशोधन किया गया। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र में मेयर और नगर आयुक्त को प्रशासनिक और अनुशासनिक अधिकार उनके लिए दिये गये और नगर परिषद नगर पंचायत में नगर अध्यक्ष या कार्यपालक पदाधिकारी को अधिकार दिया गया है।
- कोडरमा में मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए 42 पद का सृजन करने की स्वीकृति दी गयी। इसमें सालाना 3.61 करोड़ रुपये खर्च आने की संभावना है।
- आरओ वॉटर प्लांट के लिए नयी पॉलिसी की भी मंजूरी दी गयी।
- झारखंड राज्य के नवगठित शहरी स्थानीय नगर निकायों में आवश्यकता आधारित पदों का सृजन किया जायेगा। 2017 के बाद निकायों में पदों का सृजन किया जायेगा। नगर विकास विभाग ने इस आशय का प्रस्ताव तैयार किया, जिस पर मंजूरी मिली।
- छह नये नगर निकायों हरिहरगंज, बड़हरवा, महागामा, डोमचांच, बड़कीसरैया तथा धनवार नगर पंचायत में विभिन्न कार्यों के लिए 204 से अधिक पद सृजित होंगे।
- पांच नगर निगम गिरिडीह, हजारीबाग, चास, आदित्यपुर एवं मेदिनीनगर में एक-एक नगर आयुक्त के कुल पांच पद सृजित किये जायेंगे। इसके अलावा गिरिडीह और मेदिनीनगर नगर निगम में अपर नगर आयुक्त के पद भी सृजित किये जायेंगे। वहीं, सहायक नगर आयुक्तों के पद भी सृजित किये गये।
- देवघर एम्स में बिजली सब स्टेशन और संचालन लाइन स्थापित करने के लिए 64 करोड़ की मंजूरी दी गयी।
- मसालेदार देसी शराब के लिए नियमावली में संशोधन किया गया है। शीशे के साथ पैक बोतल में भी 600 एमएल 300 एमएल इत्यादि में मिलेगा।
- झारखंड राज्य अल्पसंख्यक कब्रिस्तान की रूपरेखा बनाने के लिए मंजूरी दी गयी। पूर्व में रैयत के जमीन में अगर कब्रिस्तान है तो उसे अधिकृत करने का प्रावधान था, लेकिन अब इसमें संशोधन किया गया अब अगर कब्रिस्तान रैयत कब्रिस्तान में है, तो रैयत अगर दान देता है, तभी उस योजना पर काम किया जा सकेगा।
- राज्य के सरकारी स्कूलों में 17986 रसोइया, सहायक को 10 माह की जगह 12 माह का मानदेय मिलेगा।


## पेज 05 का शेष


### हजारों की संख्या में हुईं नियुक्तियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लगभग 365 सीएचओ की नियुक्त हो रही है। इससे पहले पशु चिकित्सकों और चिकित्सा पदाधिकारियों के अलावा लैब असिस्टेंट की भी नियुक्ति की गयी है। पहली बार फॉरेंसिक लैब के लिए साइंटिस्ट की नियुक्ति की गयी है। आयुष चिकित्सकों और दंत चिकित्सकों सहित ए-ग्रेड नर्स की भी नियुक्ति की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनौती भरे वक्त में भी उनकी सरकार ने कृषि अधिकारियों, हॉर्टिकल्चर पदाधिकारियों, पंचायत सचिवों, लिपिकों, लेखपालों, शिक्षकों, जूनियर इंजीनियरों, सहायक इंजीनियरों आदि की नियुक्ति की है। उन्होंने कहा कि हजारों नियुक्तियां हुई हैं और कई प्रक्रियाधीन हैं।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विभागीय प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण और नवनियुक्त सीएचओ उपस्थित थे।

# पैराडाइज फर्नीचर में मानसून ऑफर धमाका 50 प्रतिशत तक की छूट

पैराडाइज फर्नीचर में फाइनेंस की सुविधा और फ्री डिलीवरी

आधुनिक मशीन और हस्तशिल्प से बने फर्नीचर की हर वेराइटी और साइज में उपलब्ध

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** रांची के अरगोड़ा बाईपास स्थित पैराडाइज फर्नीचर में मानसून ऑफर दिया जा रहा है। इसके तहत 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यहां विभिन्न आकर्षक और गुणवत्ता वाले देशी और विदेशी फर्नीचर का विशाल संग्रह उपलब्ध है। आधुनिक मशीन और हस्तशिल्प से बने फर्नीचर की हर वेराइटी और साइज में 50-100 आइटम डिस्प्ले में लगाये गये हैं। इस ऑफर में सोफा सेट, डायनिंग सेट, बेडरूम सेट, सेंटर टेबल, गार्डन फर्नीचर और ऑफिस फर्नीचर शामिल हैं। इसके अलावा पैराडाइज फर्नीचर में फाइनेंस की सुविधा और फ्री डिलीवरी भी दी जा रही है।

यदि आप अपना घर फर्नीचर से सजाना और सुंदर बनाना चाहते हैं तो आप इस ऑफर का बेहतरीन लाभ उठा सकते हैं। आकर्षक उपहार भी दिया जा रहा है। पैराडाइज फर्नीचर की टीम आपको अपने घर को सुंदर और आकर्षक बनाने में मदद करेगी। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए आज ही पैराडाइज फर्नीचर विजिट करें और अपने घर को सुंदर बनाएं।

# आगामी विधानसभा चुनाव में सोशल मीडिया की भूमिका को मजबूत करना है: कर्मवीर सिंह

भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में सोशल मीडिया संचालकों की बैठक हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह की अध्यक्षता हुई बैठक में भाजपा के सभी सांसदों और विधायकों के सोशल मीडिया संचालकों ने भाग लिया। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, विधानसभा चुनाव के निमित्त सोशल मीडिया और आइटी विभाग के प्रभारी स्वयम बराल (ओड़िशा) और अरिंदम देव (त्रिपुरा) भी उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी के संदेश को आम जनमानस तक पहुंचाने और चुनाव में इसका प्रभावी उपयोग करने के लिए रणनीति बनाना था। सोशल मीडिया संचालकों को पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रशिक्षित किया गया और उन्हें नवीनतम तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में सोशल मीडिया की भूमिका को मजबूत करना और पार्टी के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना था। कर्मवीर सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया संचालकों के ऊपर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। भाजपा और केंद्र सरकार की नीतियों को आम जनमानस तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका कारगर होगी।

## अजय गिरी के निधन पर भाजपा प्रदेश ने जताया शोक



**रांची (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को स्व गिरी का पार्थिव शरीर भाजपा कार्यालय पहुंचा जहां प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भाजपा का झंडा अर्पित का उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मरांडी ने स्व गिरी की आत्मा की शांति केलिए ईश्वर से प्रार्थना की। तथा परिजनों को दुख की बेला में धैर्य साहस केलिए प्रार्थना की। स्व गिरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खो दिया। श्रद्धा सुमन अर्पित करते वालों में प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, सरोज सिंह, सुबोध सिंह गुड्डू, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, राहुल अवस्थी, योगेंद्र प्रताप सिंह आदि शामिल हैं।

# झारखंड सरकार में प्रशासनिक फेरबदल, कई अफसरों का तबादला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने बड़े प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। राज्यपाल के प्रधान सचिव नितीन मदन कुलकर्णी को सचिव, कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के पद से वापस राज्यपाल के प्रधान सचिव के पद पर भेज दिया गया है। इसके अलावा, डॉ. अमिताभ कौशल को सचिव, वाणिज्य कर विभाग के पद पर नियुक्त किया गया है। अबुबक्कर सिद्दीख पी को सचिव, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के साथ-साथ सचिव, कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विप्रा भाल को सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और इ-गवर्नेंस विभाग के पद पर बने रहने के साथ-साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड कम्युनिकेशन नेटवर्क का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# दो अलग-अलग मामलों में रांची पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची पुलिस ने सुखदेव नगर थाना इलाके से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम खेलमाल कालिंदी, पवन कुमार और बिट्टू कुमार है। रांची पुलिस को जानकारी मिली थी कि गोपी कृष्ण हत्याकांड मामले गिरफ्तार आरोपी संदीप कालिंदी ने देसी कट्टा को छुपाने के लिए अपने भाई को दिया है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद रांची पुलिस ने खेलमाल कालिंदी को उड़ीसा से गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में देसी कट्टा को बरामद कर लिया गया। इसके अलावा सुखदेव नगर थाना इलाके में ब्राउन शुगर और गांजा की खरीद बिक्री मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ ने राजभवन के समक्ष दिया महाधरना



शिक्षा मंत्री के आवास पर 5 सितंबर शिक्षक दिवस के दिन करेंगे भूख हड़ताल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के द्वारा अपने विभिन्न मांगो को लेकर राजभवन रांची एकदिवसीय धरना कार्यक्रम आहूत किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने कहा कि सभी सहायक अध्यापकों को ऐसा लग रहा था कि अगर वेतनमान नहीं मिलेगा, तो समतुल्य वेतनमान जरूर मिलेगा। क्योंकि झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो का सपना वहीं था और उसी को लेकर के नियमावली बनायी गयी थी कि हम आकलन पास करने वाले शिक्षकों को वेतन मान देंगे, परंतु यहां के पदाधिकारी ने वर्तमान शिक्षा मंत्री को बरगला कर पूर्व शिक्षा मंत्री के सपनों को चकनाचूर कर दिया। सरकार पूरी तरह पारा शिक्षकों को ठगने का कार्य कर रही है। सरकार वेतनमान की घोषणा को भूल चुकी है और वितीय बोझ का हवाला दे रही है। तिवारी ने कहा कि नहीं चाहिए हम सब को लाभ, अगर सरकार 90000 संविदा कर्मियों को ईपीएफ का लाभ दे रही है, तो यह मांग अपने आप पूरा हो जायेगा या फिर बाद में हम लोग पूरा करा लेंगे। जबकि बगल के राज्य में साढ़े चार लाख का बितीय, वहां की राज्य सरकार बोझ उठाई हुई है, इसके विपरित झारखंड सारे खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य होते हुए भी सहायक अध्यापकों को छलने का कार्य किया गया। हमारे आकलन सफल और प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों को अपने अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। जिसे झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ कभी स्वीकार नहीं करेगा। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर हम सभी झारखंड राज्य के आकलन सफल सहायक अध्यापक भूख हड़ताल पर रहेंगे।

## पंकज मिश्रा को बेल देने से कोर्ट का इनकार, दूसरी बार खारिज की जमानत याचिका

**रांची।** टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिये अकूत संपति अर्जित करने के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। पूर्व में भी इडी की विशेष अदालत में पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी, लेकिन हाइकोर्ट में उनकी ओर से दायर याचिका पिछले दिनों वापस ले ली गयी थी और फिर से पीएमएलए कोर्ट में जमानत याचिका दायर की गयी थी। बता दें कि पंकज मिश्रा को इडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इडी ने पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर लिये थे। वहीं इडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गयी थी। इस तलाशी अभियान के दौरान, इडी ने साइट से अवैध रूप से संचालित किये जा रहे पांच स्टोन क्रशर, पांच अवैध बंदूक और कारतूस भी जब्त किये थे।

## श्री श्याम मंदिर में जया एकादशी का उत्सव भक्तिभाव से मनाया गया



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में जया एकादशी का उत्सव बड़े ही भक्तिभाव से मनाया गया। प्रातःकाल से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा और उन्होंने बाबा श्याम के दर्शन किये। मंदिर के आचार्य ने विशेष पूजा-अर्चना की और बाबा का संध्या कालीन श्रृंगार किया। मुख्य कार्यक्रम में अखंड ज्योति प्रज्वलित की गयी और प्रसाद वितरण किया गया। भजनों की गंगा प्रवाह की गयी और भक्तों ने झूमते हुए भजन गाये। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।आगामी कार्यक्रमों में 31 अगस्त को श्री श्याम भंडारा, 3 सितंबर को खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान और श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है। मंदिर के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि ये कार्यक्रम भक्तों की भक्ति और श्रद्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक संपन्न



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा रांची महानगर की बैठक गुरुवार को कोकर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष युवराज पासवान ने की। बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के स्वागत पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपेंद्र रजक, रमेश राम, सत्येंद्र रजक और युवराज पासवान ने कहा कि भाजपा एससी मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों में पूरे मजबूती के साथ साथ समाज को भाजपा के पक्ष में गोलबंद करने का काम करेगा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही मईया योजना की आलोचना की और कहा कि यह योजना महिलाओं को ठगने और बरगलाने के लिए चलायी जा रही है। इस बैठक में विनोद राजन, रणधीर रजक, करण नायक बापी, अमित कुमार, जीवन राम, राकेश राम, राखी देवी और रेणु देवी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# ऑटो चालक और इ-रिक्शा चालक की हड़ताल खत्म



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन एवं रांची जिला इ-रिक्शा यूनियन सभी ऑटो चालक और इ-रिक्शा चालक बंधुओं को हड़ताल के दरमियान अपनी चट्टानी एकता का प्रदर्शन करने के लिए धन्यवाद देता है। 27 अगस्त से चल रही बुनियादी हड़ताल को सर्वसम्मति से 29 अगस्त संध्या से खत्म करने का निर्णय लिया गया है। गुरुवार को तीनों यूनियन के प्रतिनिधि मंडल की प्रमंडलीय आयुक्त के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें आयुक्त ने जनहित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया की ऑटो रिक्शा एवं इ-रिक्शा के विषय में कोई भी निर्णय लेने से पूर्व यूनियन के साथ बैठक करके ही निर्णय लिया जायेगा। आयुक्त ने 3000 इ-रिक्शा को सिटी पास देने के लिए आश्वासन दिया। हड़ताल समाप्ति की घोषणा के समय मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव चंचल चटर्जी एवं रांची जिला इ-रिक्शा यूनियन के संरक्षक उत्तम यादव, रामकुमार सिंह शैलेंद्र वर्मा, सुरेंद्र पांडे सुनील सिंह, संतोष श्रीवास्तव नागेंद्र पांडे पंकज सिंह आनंद वर्मा समान मंसूरी भोला सिंह के नाम बादल थापा भोला सिंह सुरेंद्र प्रजापति, विजय यादव, गोपाल सिंह, पप्पू सिंह संतोष साहू, अमित वर्मा, राजीव कुमार उर्फ गुड्डू, आनंद वर्मा, आशीष विभूति रौनक सिंह, नितेश वर्मा, उमेश कुमार इमामम, गोविंद जी, वीर राज, सत्येंद्र कुमार साहू, पिंटू कुमार, गणेश साव, पवन कुमार, अनूप सोनी, जोधन साहू, निरंजन कुमार, प्रदीप कुमार कुलदीप कुमार, टेकन स्व राजेश कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम की जानकारी रांची जिला ऑटो चालक यूनियन के महासचिव सुनील कुमार सिंह ने दिया।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने 18 प्रखंडों में आदिवासियों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की कहा-

# प्रत्येक थाना में एसटी केस दर्ज कराने की व्यवस्था करें

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची जिले में आदिवासियों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा में बड़ी खामियां सामने आयी हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने गुरुवार को रांची जिले के 18 प्रखंडों में आदिवासियों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर निर्देश दिये, जिनमें एसटी केस दर्ज करने की व्यवस्था, जमीन से संबंधित मामलों की जांच, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार शामिल हैं। उन्होंने उपायुक्त और एसएसपी को निर्देश दिया कि प्रत्येक थाना में एसटी केस दर्ज कराने की व्यवस्था करें और जिले के विभिन्न थानों में एसटी केस दर्ज करने के बाद उसे जिले को ट्रांसफर किया जाये। साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं का अलग-अलग रिकार्ड तैयार करें, ताकि आदिवासी छात्र-छात्राओं को संबंधित योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके अलावा उन्होंने सदर अस्पताल में छह सौ बेड की व्यवस्था और रिक्त पदों पर चिकित्सकों की व्यवस्था के लिए राज्य सरकार को पत्र भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने पीडीएस सिस्टम के तहत आदिवासी परिवारों के चार-चार किलोग्राम चावल की कटौती पर भी नाराजगी जतायी और एमओ समेत जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को संबंधित प्रखंडों में विजिट कर जांच करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि रांची शहर में आदिवासी लड़कियों के लिए भागीरथी, दीपशिखा और सरस्वती हास्टल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। आयोग की ओर से उपायुक्त को नये हास्टल का निर्माण कराने के निर्देश दिये गये हैं।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. : 24-ईएल-डब्ल्यूटी-2024-25,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/चक्रधरपुर द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल के तहत एससीएडीए सहित विद्युत आपूर्ति प्रणाली का संवर्धन, उन्नयन और रूपांतरण तथा अन्य कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,10,98,921/-, **बयाना राशि:** रु. 2,05,500/- **निविदा कागजात का मूल्य रु. में :** शून्य। **बंद होने/खुलने की तिथि:**26.09.2024 को 15.00 बजे। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखी जा सकती है। निविदाकार के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/ बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। (PR-534)

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**
**विद्युत (सामान्य) विभाग के लिए खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**ई.निविदा संख्या :** ईएल/16/खुली/2024-25, **क्रम सं.: 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** वरवाडीह – वरवाडीह में 33 केवी स्वतंत्र फीडर के साथ 33/11 केवी पावर सबस्टेशन का प्रावधान (शेष कार्य)। (कार्य समापन अवधि : नौ माह), **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 1,11,78,338.51, **3. बिड सिक्युरिटी :** रू. 2,05,900.00, **4. ई.निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई.निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 19.09.2024 को 11:00 बजे। ई.निविदा खुलने की तिथि दिनांक 19.09.2024 को 11:30 बजे के बाद। **5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाइट ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/00975/डीएचएनजीएस/ईजीईएन/टी/24-25/32

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 8379 Dated 07.08.2024 . I Raju Bediya S/o. Hiralal Bedia, Aged About 27 years, R/o Village- Mishrain Morha, Po.- Raligara, Ps.- Giddi, District - Hazaribagh, Jharkhand Do hereby solemnly declare us under:-

1. That my actual and correct name is **Raju Kumar Bediya** which has been mentioned in my UID card bearing no. 4793 6775 6589 and PAN card Bering no. CVZPB4068H.
2. That due to mistake my name as **RAJU BEDIYA** has been mentioned in my Bank of India, Gidi, Branch Account Bearing No. 482310110009282.
3. that **RAJU KUMAR BEDIYA** and **RAJU BEDIYA** both name is of same and single person i.e. myself.
4. That any type of litigation/Froud arises due to name change, I will solely responsible.
5. That this Affidavit is required for needful authority concern.

# फ्लाईओवर का शटरिंग खोलने के दौरान गिरकर मजदूर की मौत

**मेराल में पिलर से मजदूर के गिरने की यह तीसरी घटना है, अब तक दो मजदूरों की हो गयी है मौत, एक हुआ था गंभीर रूप से घायल**

बलराम शर्मा



**मेराल।** भारतमला प्रोजेक्ट के तहत एमजी कंस्ट्रक्टर द्वारा थाना मुख्यालय में कराये जा रहे फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दौरान गुरुवार को दोपहर में पिलर नं 7 के पास शटरिंग खोलने के दौरान करीब 30 फिट की ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल मजदूर की मौत गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार पिलर नंबर 7 के पास ढलाई के लिए लगाया गया लोहे का शटरिंग खोल रहा था कि अचानक ऊपर से गिर गया। मृतक मजदूर सुदर्शन राम पिता चंद्रदेव राम मझिआंव थाना क्षेत्र के रानी ताली गांव का रहने वाला था। घटना के बाद मजदूरों तथा परिजनों के साथ-साथ स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने कहा कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य में सेफ्टी का कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते यह तीसरी घटना हुई है। मृतक के भाई सुदामा राम तथा बसपा नेता शिव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि मेराल में फ्लाईओवर का काम बिना सेफ्टी का किया जा रहा है, जिसके चलते यह घटना हुई है। जिसके लिए एमजीसीपीएल पूरी तरह दोशवार है। लोगों ने दोषी कंपनी पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए एक आश्रित को सरकारी नौकरी, 20 लाख मुआवजा की मांग की है। मृतक मजदूर सुदर्शन राम अपने पीछे पत्नी के अलावा चार बच्चों को छोड़ गया।

## नदी में नहाने गये किशोर की डूबकर मौत



**मेराल (आजाद सिपाही)।** हासनदाग लखेया मार्ग पर उरिया नदी में बने पुल के नीचे अन्य बालकों के साथ नदी में नहाने गये 16 वर्षीय किशोर की डूबकर मौत हो गयी। किशोर की पहचान हासनदाग गांव निवासी सर्वेश चौबे के छोटे सुपुत्र सुमित कुमार चौबे 16 वर्ष के रूप में हुआ। सूचना मिलते ही सीओ यशवंत नायक घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली तथा स्थानीय गोताखोर की मदद से किशोर के शव को नदी से निकलाया।

# 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आज से

**उपायुक्त ने वीसी के माध्यम से बैठक कर संबंधित अधिकारियों को किया निर्देशित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले में 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का सिलसिला फिर से प्रारंभ होने जा रहा है। जिले के सभी पंचायतों में शिविर लगाने को लेकर जिलास्तर से तैयारी पूरी कर दी गयी है। किस तिथि को कहां शिविर का आयोजन होगा, इसकी रूप रेखा भी तैयार कर ली गयी है। वहीं सभी प्रखंडों के लिये वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी कर दिया गया है। इसी के निमित्त कल देर शाम उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर ने समाहरणालय सभागार में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उपविकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा सहित जिले के वरिये पदाधिकारियों तथा ऑनलाइन मोड के माध्यम से बीडीओ/सीओ के साथ बैठक कर 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की तैयारियों से अवगत होते हुए संबंधित अधिकारियों को इसके सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीडीओ/सीओ से कहा कि 30 अगस्त से लगने वाले शिविर में कोई भी बेनेफिशियरी सरकार की जनकल्याणकरी योजनाओं से वंचित न होने पाये यह सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने कहा कि किसी प्रखंड में कर्मी की आवश्यकता महसूस करते हुए उसको जल्द से जल्द पूरा कर लें।


**Government of Jharkhand**
**Nagar Panchayat Hussainabad**

**E-Procurement Notice (SHORT-TERM NOTICE)**
**NIT No:- UDHD/NPH/06/2024-25**

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Development of Shivpuri Park Under Nagar Panchayat, Hussainabad |
| 2 | Estimated Cost (INR) | ₹ 1,17,00,598.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹2,34,100.00 |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 180 Days |
| 6 | Date of e-publication of tender | 27-08-2024 |
| 7 | Document downloading start Date | 27-08-2024 |
| 11 | Bid submission end date | 18-09-2024 |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 18-09-2024 |
| 13 | Bid opening date (online | 20-09-2024 |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Hussainabad |
| 16 | Helpline Number | 9798635093,8809996292,8580180458 |

नोट :–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर पंचायत कार्यालय, हुसैनाबाद के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 334053 District (24-25)_D


## रंका के लोग हमारे दिल से जुड़े हुए हैं : गिरिनाथ सिंह



रंका (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में परिवर्तन जनसंपर्क यात्रा किया गया। गिरिनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रंका के लोग हमारे दिल से जुड़े हुए है। अपने कार्यकाल का जिक्र करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा की पहले यहां रोड की बहुत समस्या थी गरीबों का दुःख समझते हुए बहुत समझाने के बाद यहां मुश्किल से मैंने मेन रोड बनवाया, साथ ही मुखिया पर निशाना साधते हुए गिरिनाथ सिंह ने कहा कि यहां के मुखिया अबुआ आवास नहीं दे रहे है, आवास में भी पैसा ले रहे है। 2019 में उनके आने से सारा चीज लूट गया और वे सारी चीजों को लूट कर खा गये। सारा बालू स्पीड से दूसरे राज्यों में भेज दिये। आगे सिंह जी ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सरकार ने लोगों को ठगने के लिए मईया योजना चालू किया है और वे सारी चीजो को लूट रहे है भ्रष्टाचार कर रहे है ऐसे लोगों को अपने क्षेत्र से भगाना है, अंत में पूर्व मंत्री ने कहा कि मैं यहां वोट मांगने नहीं आया हूं, लेकिन हमें अपने क्षेत्र से बेरोजगारी भ्रष्टाचार को हटना होगा और अपने क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनना होगा। गुरुवार को परिवर्तन यात्रा मुख्य रूप से प्रखंड गढ़वा पंचायत रंका के ग्राम लखना बाजार, कमता, करचा, कुंडी, पंचायत पिपरा के ग्राम गरनाहा, गांगी कला, गांगी खुर्द किया गया।

## गढ़वा जिला टेबल टेनिस टीम जमशेदपुर रवाना



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर में शुक्रवार से आयोजित तृतीय झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला के 20 सदस्यीय टीम को संघ के सचिव आनंद सिन्हा और संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामनाएं देते होए खिलाड़ियों को रवाना किया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते होए कहा कि आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए काफी मेहनत कर रहे है प्रतियोगिता में जिला को चैंपियन बनाने के साथ साथ चैंपियन बनकर आयें। टीम को शुभकामना देने वालों में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे, अध्यक्ष मदन प्रसाद केसरी, उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना सुशील केसरी, धनंजय सिंह अनिल विश्वकर्मा, संजय सोनी आदि शामिल है।

## राहुल सिंह ने उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा में छठा स्थान प्राप्त कर कांडी प्रखंड का नाम रोशन किया



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुंडीपुर निवासी उदय कुमार सिंह का पुत्र राहुल सिंह ने उद्यान और खाद प्रसंस्करण विभाग अधिकारी उत्तराखंड प्रदेश में लोक सेवा आयोग पीसीएस परीक्षा में 6वां स्थान प्राप्त कर कांडी प्रखंड ही नहीं गढ़वा जिले का भी नाम रोशन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल सिंह शुरू से ही काफी मेहनती संघर्ष शील और मेधावी छात्र रहे। सत्र 2013 में किशुनराज उच्च विद्यालय बलियारी में मैट्रिक की परीक्षा में जिला टॉपर रहे, इस खबर से किशुनराज पब्लिक हाई स्कूल बलियारी के अध्यापकों में काफी प्रसन्नता है। जबकि 2020 में डॉ राजेंद्र सिंह (राजू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज इलाहाबाद उत्तर प्रदेश टॉपर रहकर गोल्ड मेडलिस्ट बने थे। वहीं सफलता के उंचाई को छुने के लिए राहुल सिंह ने पिछे मुडकर नहीं देखा और एक उंचाई को छु लिया है। जो उद्यान एवं खाद प्रसंस्करण विभाग अधिकारी उत्तराखंड प्रदेश में लोक सेवा आयोग पी सी एस परीक्षा में 6वां स्थान प्राप्त किया।

## रंका में हाथियों ने 6 घरों को किया क्षतिग्रस्त

रंका (आजाद सिपाही)। रंका वन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदरूम में 28 अगस्त के बिती रात्रि में हाथियों ने छः लोगों के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया वही बारह किसानों के खेतों में लगी मक्का, धान आदि फसलों को कुछ खाए और बुरी तरह से चौपट कर दिया। रात्रि में लगभग एक दर्जन हाथियों के झुंड को देखकर डर के मारे लोग अपने अपने घरों में दुबके रहे। लोग सुबह - सुबह पहुंच कर सभी क्षतिग्रस्त घरों एवं फसलों का निरीक्षण किया और वन अधिकारियों को फोन के माध्यम से तुरंत जानकारी दिया गया और सभी क्षतिग्रस्त घर पिड़ितों एवं किसानों को नुकसान का भरपाई हेतु जल्द मुआवजा दिलाने का वन अधिकारियों के द्वारा दिया गया। इस मौके पर झामुमो युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू सहित घर पिड़ित एवं किसान उपस्थित थे।

## आज से 13 सितंबर तक सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा

डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की पंचायतवार तिथि निर्धारित कर दी गयी है। 30 अगस्त से लेकर 13 सितंबर तक सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 30 अगस्त को सोनेहरा पंचायत से इसका शुभारंभ किया जायेगा।वही 2 सितंबर को कर-के पंचायत, 3 सितंबर को लवाहीकलां, 5 सितंबर को जरही, 7 सितंबर को झोतर, 8 सितंबर को तसरार, 10 सितंबर को रारो,11 सितंबर को पचौर और 14 सितंबर को डंडई पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शिविर में आमजनों से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर आवदनों का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। आवेदनों की प्राप्ति तथा ऑन द स्पॉट लाभों के वितरण की जानकारी पोर्टल में अपडेट करना अनिवार्य होगा।

# भंडरिया स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय आदिवासी विद्यालय का हाल बेहाल

**नामांकन के बाद भी विद्यालय में छात्र जाने से कतरा रहे हैं**

अशोक केसरी



**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड मुख्यालय में स्थापित केंद्रीय एकलव्य मॉडल आवासीय आदिवासी विद्यालय में 60 आदिवासी छात्र-छात्राएं का नामांकन तो हुआ, लेकिन पढ़ाई बाधित है। करीब एक माह बीत जाने के बाद भी ना तो बेंच है ना ही डेक्स है। और नाही बच्चों के पठन-पाठन से जुड़ी अन्य सामग्री या सुविधा हैं। ऐसे में नामांकन के बाद भी इस विद्यालय में कोई छात्र नहीं है। बस विभाग की ओर से नियुक्त शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर वेतन ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में भंडारिया केंद्रीय एकलव्य आवासीय आदिवासी मॉडल विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। वही कल्याण विभाग की ओर से वर्ष 2024 -25 से ही प्रवेश परीक्षा के आधार पर 60 छात्र छात्राएं का नामांकन कक्ष 6 एवं 7 में हो चुका है। पर जुलाई महीने में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब तक यहां पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी है। विद्यालय में पांच शिक्षक व दो शिक्षिका की प्रतिनियुक्ति की गई है। जो इस आवासीय विद्यालय में ही रहते हैं। गौर तलब है कि केंद्र प्रायोजित इस आवासीय विद्यालय मैं नामांकन बच्चों के लिए सारी सुविधा निशुल्क दी जाती है। आवास बिजली पानी भोजन पढ़ाई का यहां कोई शुल्क नहीं लगता है। पर अभी तक इस विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यहां पर स्थापित शिक्षकों ने बताया कि जुलाई माह से ही इनकी नियुक्ति हुई है। लेकिन यहां पर बिजली पानी के साथ-साथ सुरक्षा की व्यवस्था भी नहीं है।

# मुखिया संघ ने धरना-प्रदर्शन और कलमबंद हड़ताल को लेकर बीडीओ को मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के निर्देशानुसार कांडी प्रखंड के 16 पंचायतों की मुखिया संघ के अध्यक्ष अमित कुमार दुबे के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ राकेश सहाय से मुलाकात अपने कई मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन तथा कलम बंद हड़ताल को सफल बनाने के लिए संयुक्त रूप से लिखित मांग पत्र को सौंपा। मांग पत्र में मुखिया द्वारा उल्लेखनीय है कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के द्वारा राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने और विभिन्न मांगों को लेकर 27.8.2024 से अनिश्चितकालीन धरना और कलम बंद हड़ताल जाकिर हुसैन पार्क राज भवन के पास रांची में शांतिपूर्ण ढंग से धारण किया जा रहा है। मुखिया संघ की मांग सरकार द्वारा वार्ता के लिए समय नहीं देने से इनकार कर दिया गया है, जिससे झारखंड प्रदेश की मुखिया जनप्रतिनिधि अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं, परिणाम स्वरूप कांडी प्रखंड के सभी मुखिया सरकार की इस रवैया तथा अपने मांग को पूरा नहीं करने पर विवश होकर अनिश्चितकालीन धरना कलाबान हड़ताल पर चले गये। सभी मुखिया का कहना है कि जिस प्रकार लोकसभा और विधानसभा में चयनित प्रत्याशियों को संतोषजनक भत्ता दिया जाता है। इस प्रकार मुखिया को भी संतोषजनक भत्ता दिया जाये। विदित है कि कुछ दिनों से मनरेगा कर्मी पंचायत सेवकों को अपनी मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण प्रखंड का विकास कार्य पूर्ण रूप से अवरोध हो गया है। बीडीओ को आवेदन सौंपने वाले मुखिया अमित कुमार दुबे आरती सिंह, शशि कुमारी, पूजा कुमारी पुष्पा देवी, चंदा देवी, परीखा राम, राजेश शर्मा, रीता देवी, सुबोध वर्मा, सोनी देवी के अलावे अन्य कई मुखिया मौजूद थे।

# अंधकार से मिलेगी मुक्ति, सोलर हाइमास्ट लाइट से जगमग होगा गढ़वा : मिथिलेश

**गढ़वा में लगेगा 50 सोलर हाई मास्टर लाइट, मिली स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिले में विभिन्न स्थानों पर 50 सोलर हाई मास्ट लाइट लगाया जायेगा। गढ़वा अब अंधकार में नहीं डूबेगा। झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में डीसी शेखर जमुआर ने ज्रेडा के परियोजना निदेशक को सूची भेज दी है। प्रथम चरण 31 स्थानों पर सोलर हाई मास्ट लाईट सिस्टम अधिष्ठापित किया जायेगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि गढ़वा में झारखंड सरकार की एजेंसी ज्रेडा के माध्यम से 50 स्थानों पर सोलर हाई मास्ट लाइट लगाया जायेगा। यह सोलर हाई मास्ट उच्च गुणवता का होगा। इसमें 200 वाट का सोलर, 120 एएच का बैटरी तथा 60 वाट का प्रत्येक लाइट होगा। पोल की उंचाई 5 मीटर होगी। प्रत्येक सोलर में चार लाइट 240 वाट का होगा। मंत्री ने कहा कि रात्रि में कुछ देकर के लिए बिजली चले जाने के बाद भी पूरा गढ़वा हमेशा रौशनी से जगमग बना रहेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा का कोई भी क्षेत्र विकास कार्यां से वंचित नहीं रहेगा। गढ़वा को अंधकार से मुक्ति मिलेगी। प्रथम चरण में गढ़वा में नया समाहरणालय के दोनों तरफ तथा दो अंदर में, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क के दो तरफ, गढ़वा बस स्टैंड में सामुदायिक शौचालय के समीप, बस स्टैंड के प्रवेश द्वार के समीप, सोनपुरवा रामबांध तालाब के समीप, सोनपुरवा टांडी पर बीएनटी चौक के समीप, डीडीसी के आवासीय परिसर में, डीसी के आवासीय परिसर में आदि अन्य के समीप हाई मास्ट लाइट का अधिष्ठापन किया जायेगा।


**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/12/2024-25
(3RD CALL)

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | खूँटी | खूँटी प्रखण्ड में मौजा कमांता में इण्डोर स्टेडियम निर्माण कार्य | 1,42,25,100.00 | 2,84,600.00 | 10,000.00 | 9 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समयः– 30.08.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. ई–निविदा डालने की अंतिम तिथिः– 05.09.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 05.09.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक(e-Procurement Portal-jharkhandtenders.gov.in)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 09.09.2024 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. जिला परिषद, खूँटी / RWD/BCD/ नगर विकास एवं आवास विभाग के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुरूप ही अग्रधन की राशि (ऑनलाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 334114 District (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी**

**ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्याः– 12/RIII/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक– 29.08.2024
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. योजना का नामः–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-18/2023-24 | मुरहू | 1. L032 ईटी से रोआवली भाया कारूडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–6.100 कि०मी०)। | 12,14,07,400.00 (बारह करोड़ चौदह लाख सात हजार चार सौ रू० मात्र।) | 24,29,000.00 (चौबीस लाख उनत्तीस हजार रू० मात्र।) | 15 माह। | चतुर्थ। |
| | | मुरहू | 2. L039 रूमुतकेल से बलगी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.675 कि०मी०)। | | | | |
| | | मुरहू | 3. L040 कोन्वा से बुण्डूमा माईल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.490 कि०मी०)। | | | | |
| | | मुरहू | 4. L037 गुल्लू से दहंगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–7.200 कि०मी०)। | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 31.08.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 09.09.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 11.09.2024 अपराह्न 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 334125 Rural Work Department(24-25)#D



**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**
**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2024–25**
**दिनांक–28.08.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, डोमचाँच |
| 2 | परिमाण विपत्र की ब्रिकी स्थान, तिथि एंव समय | कार्यालय नगर पंचायत डोमचाँच, दिनांक– .02.09.2024 से दिनांक–04.09.2024 तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच, दिनांक– 06.09.2024, 11:00 पूर्वाह्न से 04:00 अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलने का स्थान, तिथि एंव समय | कार्यालय नगर पंचायत डोमचाँच, दिनांक– 10.09.2024 को अपराह्न 12:00 बजे से अंतिम निविदा खुलने तक |

कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | वार्ड सं0 | प्राक्कलित राषि | अग्रधन राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यादेष की तिथि से कार्य पूर्ण कि तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of RCC drain with cover from house of surendra Mehta to rameshwar vishwakarma house. | 12 | 648200.00 | 13000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2 | Const. of RCC drain with cover form house of ravi Mehta to bajir Mehta house. | 13 | 334100.00 | 7000.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 3 | Fixing and Fitting of paver block infront of ridhhi sidhhi bhavani mandir. | 13 | 194600.00 | 4000.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 4 | Const. of PCC road from jainagar road to to alakhdev singh | 12 | 726400.00 | 14600.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 5 | Const. of PCC road from house of Ashok Mehta to raju Mehta. | 04 | 217300.00 | 4500.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 6 | Const. of RCC drain with cover from house of suresh mirgha to sanjay ram house and bazar hat. | 09 | 689800.00 | 14000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 7 | Const. of RCC drain with cover from house of ashok mehtaa to raju Mehta . | 05 | 492800.00 | 10000.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 8 | Const. of RCC drain with cover from house of dina kandu to shiv sagar road shitla mata mandir. | 06 | 433700.00 | 8700.00 | 1000.00 | 02 Months |
| 9 | Const. of PCC road and Fixing and Fitting of paver from dhab road to shitla mata mandir. | 06 | 995400.00 | 20000.00 | 5000.00 | 02 Months |

नोटः–निविदा की शर्ते कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच।

PR 334066 Urban Development(24-25)D

# सुप्रीम कोर्ट का सख्त संदेश

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता और एमएलसी के कविता को जमानत देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला जांच एजेंसियों के लिए एक जोरदार झटका है। इस हाइ प्रोफाइल मामले में कई विपक्षी नेता गिरफ्तार हुए हैं। हालांकि कोर्ट से जमानत मिलना आरोपी के बेकसूर होने का सबूत नहीं माना जाता, लेकिन इस मामले में कई ऐसी बातें हैं, जो जांच एजेंसी के रुख पर सवाल खड़े करती हैं।

**हिरासत की जरूरत नहीं :** पहली नजर में के कविता को जमानत देने का यह फैसला दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत जैसा इसलिए भी लगता है, क्योंकि दोनों मामलों में आधार एक ही है। ताजा मामले में कोर्ट ने पाया कि सीबीआइ और इडी की जांच पूरी हो चुकी है। 493 गवाह और 50 हजार दस्तावेज से जाहिर है कि इस मामले में ट्रायल जल्द नहीं पूरा होने वाला। ऐसे में विचाराधीन हिरासत को सजा में बदलने देना सुप्रीम कोर्ट ने सही नहीं माना।

**हाइकोर्ट को नसीहत :** सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली हाइकोर्ट द्वारा जमानत की अर्जी ठुकराये जाने के फैसले को न सिर्फ पलटा, बल्कि उसके नजरिये की आलोचना भी की। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि जब प्रिवेंशन ऑफ मनी लांडरिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत महिला, नाबालिग और बीमार के लिए जमानत की विशेष व्यवस्था की गयी है, तो फिर हाइकोर्ट का इस आधार पर जमानत देने से इनकार करना गलत है कि के कविता शिक्षित महिला हैं। इस तरह से इस कानून में महिलाओं की एक उपश्रेणी बनाने की जानी-अनजानी कोशिश उपयुक्त नहीं मानी गयी।

**दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बीआरएस की नेता के कविता को जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीआइ और इडी की जांच पूरी हो चुकी है और मुकदमा जल्द पूरा नहीं होगा, इसलिए जमानत देना सही है। कोर्ट ने निष्पक्षता बनाये रखने पर जोर दिया।**

**निष्पक्षता पर जोर :** सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का सबसे अहम पहलू है जांच एजेंसियों के रुख की पड़ताल करते हुए उनकी निष्पक्षता की जरूरत को रेखांकित करना। कोर्ट ने हालांकि अपने फैसले में केस की मेरिट पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन जांच एजेंसियों से यह पूछा कि वे मनमाने ढंग से किसी को आरोपी बनाने और किसी को गवाह बना देने का फैसला कैसे कर सकती हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि अभियोजन पक्ष को निष्पक्ष होना चाहिए।

**सही सबक लेने की जरूरत :** पीएमएलए देश के कुछ बेहद सख्त कानूनों में है। इसके उपयोग में खास सावधानी की जरूरत है। इस कानून के तहत दर्ज मामलों में अगर जांच एजेंसियों का रवैया सवालों के घेरे में आता है, तो यह गंभीर बात है। इससे न केवल इन एजेंसियों की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है, बल्कि एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों को भी बल मिलता है। उम्मीद की जाये कि सुप्रीम कोर्ट की इन कड़ी टिप्पणियों से सबक लेते हुए सरकार आवश्यक कदम उठाने में विलंब नहीं करेगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**यदि हम इसे सफलतापूर्वक लागू कर पाते हैं, तो लाभ केवल बाढ़ को रोकने तक सीमित नहीं रहेंगे। ये 'स्पंज सिटी' स्वस्थ पर्यावरण और ठंडे शहरों-तापमान के हिसाब से और रूपक रूप से-का निर्माण कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए केवल इंजीनियरिंग ही नहीं, बल्कि कल्पना और पहल की भी आवश्यकता है।**

# शहरी बाढ़ के लिए एक समाधान हो सकता है 'स्पंज सिटी'

**डॉ. अभय कृष्ण सिंह**





**वैश्विक** जलवायु परिवर्तन का प्रभाव धीरे-धीरे अधिक स्पष्ट होता जा रहा है। प्रकृति के साथ मानवीय हस्तक्षेप, जो प्रकृति की स्थिरता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है और अनियंत्रित कार्बन उत्सर्जन ने शहरों के कार्बन फुटप्रिंट को बढ़ा दिया है। अनियमित वर्षा पैटर्न, जिसमें भारी वर्षा होती है, जो समय और स्थान के अनुसार अच्छी तरह से वितरित नहीं होती, के साथ-साथ लंबी गर्मी के मौसम और कभी-कभी असामान्य ठंड की लहरें, जो अब दुनिया के विभिन्न प्राकृतिक और जलवायु क्षेत्रों में अनुभव की जा रही हैं। पिछले वर्षों में कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मानव प्रभाव इतना महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय रहा है कि इस अवधि को अब 'एंथ्रोपोसीन' के रूप में जाना जाता है। एंथ्रोपोसीन एक भूवैज्ञानिक युग है, जो यद्यपि इसे युगों और युगों का नामकरण करने वाली अंतरराष्ट्रीय एजेंसी द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है, लेकिन हाल ही में समाजशास्त्रियों के लेखन में यह काफी लोकप्रिय है। एंथ्रोपोसीन को एक भूवैज्ञानिक युग माना जाता है, जो जलवायु और पर्यावरण पर मानव गतिविधि के अमिट प्रभाव द्वारा चिह्नित होता है।

**एंथ्रोपोसीन को एक भूवैज्ञानिक युग माना जाता है, जो जलवायु और पर्यावरण पर मानव गतिविधि के अमिट प्रभाव द्वारा चिह्नित होता है।**

### शहरी बाढ़ क्या है

हमारे शहर डूब रहे हैं। वे बहुत अधिक बंद नालियों के साथ बाथटब की तरह बनाये गये हैं। जब तेज बारिश होती है, तो पानी के पास जाने के लिए कोई जगह नहीं होती। यह सिर्फ गंदगी नहीं है, यह खतरनाक है। हमने अपने शहरी क्षेत्रों का इतना घना और इतने अधिक कंक्रीट से निर्माण किया है कि जब भारी बारिश होती है, तो पानी विद्रोह कर देता है। शहरी बाढ़ शहरी परिदृश्य की अचानक अत्यधिक पानी की आमद के कारण होने वाली बाढ़ है, जो ज्यादातर स्थानीयकृत क्षेत्र में भारी से बहुत भारी बारिश के कारण होती है, जो बादल फटने जैसी घटना के समान होती है, लेकिन कम तीव्रता की होती है। यह ऐसा है, जैसे आपने अपने कप में बहुत अधिक कॉफी डाल दी हो और उसे छलकते हुए देखा हो। केवल यह कॉफी नहीं, बल्कि बारिश का पानी है और यह सिर्फ छलक नहीं रहा है, यह तबाही मचा रहा है। शहरी बाढ़, जो कभी-कभार ही होती थी, अब इन दिनों काफी आम हो गयी है।

### 'स्पंज सिटी' की अवधारणा क्या है और यह कैसे काम करती है

क्या होगा, यदि हमारे शहर पानी को पीछे हटाने की बजाय उसे एक स्पंज की तरह सोख सकते? यह विचार नया नहीं है। यह प्रकृति में लिया गया है। 'स्पंज सिटी' एक शहरी योजना मॉडल है, जो शहरी बाढ़ की समस्या के समाधान के लिए प्रकृति-आधारित समाधानों के लिए डिजाइन की गयी पहलों की एक श्रृंखला का मिश्रण है। पूरे विचार का आधार सतही पानी के वहाव को नियंत्रित करना और उसे सोख कर शहर के भीतर और आसपास के जल निकायों में वितरित करना है। विचार यह है कि शहर को स्पंज की तरह कार्य करना चाहिए, जो अतिरिक्त पानी की सोख ले और बाढ़ और बाढ़ की स्थिति को रोक सके। समाधान में पारगम्य डामर, हरे छतों, पार्कों और पौधों के रोपण का उपयोग शामिल है। साथ ही साथ आर्द्रभूमि की बहाली, जो न केवल जलभराव को कम करेगी, बल्कि शहरी पर्यावरण में भी सुधार करेगी। शहर के हरे और खुले स्थानों के साथ-साथ जल निकायों और आर्द्रभूमि का विस्तार, शहर के कोर क्षेत्र में गर्मी द्वीपों के निर्माण को भी कम करेगा। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में एक सफल सरकारी पहल के रूप में डोभा जैसी छोटी मानव निर्मित तालाबों की खुदाई भी शहरी क्षेत्रों में एक प्रभावी उपाय हो सकती है। 'स्पंज सिटी' की अवधारणा को भारतीय शहरों में लागू करने में कई चुनौतियां हैं।

### आगे क्या?

यदि हम इसे सफलतापूर्वक लागू कर पाते हैं, तो लाभ केवल बाढ़ को रोकने तक सीमित नहीं रहेंगे। ये 'स्पंज सिटी' स्वस्थ पर्यावरण और ठंडे शहरों-तापमान के हिसाब से और रूपक रूप से-का निर्माण कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए केवल इंजीनियरिंग ही नहीं, बल्कि कल्पना और पहल की भी आवश्यकता है।

भारतीय शहरों में 'स्पंज सिटी' अवधारणा को लागू करना कई चुनौतियों का सामना करता है, क्योंकि देश के शहरी, पर्यावरणीय और सामाजिक आर्थिक संदर्भ अद्वितीय हैं। अधिकांश भारतीय शहरों का विकास स्वाभाविक रूप से हुआ है, जिसके कारण भौतिक और आर्थिक असमानता शहरी परिदृश्य में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। शहरी क्षेत्रों को 'स्पंज सिटी' के रूप में विकसित और पुनर्निर्मित करना बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और हरित स्थानों में बड़े निवेश की मांग करता है। खुले स्थानों की कमी एक बड़ी बाधा है। केंद्र और शहरी स्थानीय निकायों सहित विभिन्न एजेंसियों के बीच सामंजस्यपूर्ण समन्वय की कमी एक अन्य महत्वपूर्ण बाधा है। स्थानीय अधिकारियों की अनिच्छा और सामान्य उदासीनता भी स्पंज सिटी अवधारणा को पूरी तरह से अपनाने में बड़ी बाधा है। हालांकि, इस अवधारणा को कुछ हद तक अपनाया गया है, और इसके सकारात्मक परिणाम देखे जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, चेन्नई ने कुछ हद तक कुछ साल पहले आयी विनाशकारी शहरी बाढ़ से काफी कुछ सीखा है। शहरी बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील होने के कारण यह शहर अपने निवासियों के लिए पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति के संकट से भी जूझ रहा है।

समय और स्थान की कठिनाइयों और सीमाओं के बावजूद शहरी बाढ़ और पूरी तरह से जलमग्न होने की पुनरावृत्ति को एक समग्र, दीर्घकालिक और स्थायी समाधान की आवश्यकता है। 'स्पंज सिटी' दृष्टिकोण न केवल शहरी बाढ़ की समस्या को हल करने में सक्षम है, बल्कि यह अधिक हरित स्थान, मजबूत भूजल संग्रहण, सुंदर और आकर्षक पड़ोस और घटते हुए पारिस्थितिकीय पदचिह्न सुनिश्चित करता है।

भारतीय शहरी प्रणाली और शहरीकरण की अन्य विशिष्ट बाधाओं में तेजी से शहरीकरण के साथ खुले स्थानों का ठोस निर्माण, आम शहरी निवासियों के बीच आवश्यक जागरुकता की कमी और गंभीर बुनियादी ढांचे और वित्तीय सीमाएं शामिल हैं। भूमि उपलब्धता स्पंज सिटी अवधारणा को लागू करने की दिशा में एक बड़ी बाधा बनी हुई है, जिससे सरकार को कठिनाइयों का सामना करना पडता है।

आंकड़े शहरी भारत में वर्षा में असमानता (आरवी) की ग्रामीण भारत की तुलना में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाते है। स्थानिक अंतर के साथ-साथ विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी स्पंज सिटी दृष्टिकोण के तहत पहलों के समग्र कार्यान्वयन के खिलाफ काम करती है।


'स्पंज सिटी' सिद्धांतों को राज्य और केंद्र सरकार के अनुरोध पर सभी भविष्य के एकीकृत शहरी नियोजन और शहरी विकास मॉडलों में लागू किया जा सकता है। सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) मोड के तहत निजी निवेशकों को कर छूट अनुदान, सब्सिडी आदि जैसे प्रोत्साहनों के साथ प्रोत्साहित किया जा सकता है, ताकि वे अपनी परियोजनाओं में स्पंज सिटी सुविधाओं को लागू कर सकें। सामुदायिक संचालित पहलों, जैसे कि गेटेड और उच्च ऊंची आवासीय समाजों में हरित स्थान, वर्षा जल संचयन के साथ-साथ हरित छतों आदि को अपनाया जा सकता है, जिससे निवासियों की पूरी भागीदारी और संलग्नता सुनिश्चित हो सके। विशेष रूप से भारतीय शहरी सेटिंग में इस दृष्टिकोण के कार्यान्वयन के लिए अधिक अनुसंधान और विकास की आवश्यकता है। चुनौती सामाजिक-आर्थिक विषमता के साथ-साथ भौगोलिक विशालता और विविधता के कारण जलवायु और स्थलाकृतिक परिवर्तनों में निहित है। नवाचारी समाधानों और भारतीय शहरों के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के लिए शिक्षा, उद्योग और अनुसंधान संगठन के बीच सहयोग को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। पायलट परियोजनाएं शुरू की जा सकती हैं, विशेष रूप से स्मार्ट शहरों में, जिन्हें अन्य शहरों के लिए अनुकरणीय सफलता मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। संपूर्ण डिजाइन, कार्यान्वयन और स्पंज सिटी के विभिन्न घटकों के रखरखाव पर नगर निगम कर्मचारियों, इंजीनियरों बौर अन्य महत्वपूर्ण मानव संसाधनों के लिए कौशल संवर्धन और क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण और कार्यशालाओं की नियमित अंतराल पर व्यवस्था की जानी साहिए। इन मुद्दों को सुनियोजित रणनीतियों के साथ संशोधित करके, भारतीय शहर 'स्पंज सिटी' अवधारणा को प्रभावी ढंग से लागू कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप शहरी लचीलापन में सुधार, जल प्रबंधन में सुधार और शायद शहरी बाढ़ की आवृत्ति और गंभीरता में कमी हो सकती है।

**(लेखक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में भूगोल के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली ढेर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन महिला नक्सलियों को मार गिराया है। घटनास्थल से तीन महिला नक्सलियों के शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किये गये हैं। वहीं क्षेत्र में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

**शव और हथियार समेत अन्य सामान बरामदः** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर सुरक्षाबल के जवान आज सुबह लगभग आठ बजे गश्त पर गये। जैसे ही जवान उस क्षेत्र में पहुंचे, नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। बाद में जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही. जवानों की गोली से तीन महिला नक्सली ढेर हो गये। सुरक्षाबलों ने अभी तक घटनास्थल से तीन महिला नक्सलियों के शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किये हैं।

**सबसे अधिक नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़:** बता दें कि छत्तीसगढ़ सबसे अधिक नक्सल प्रभावित राज्य है। छत्तीसगढ़ के 15 जिले नक्सल प्रभावित हैं। इनमें बीजापुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद, नारायणपुर, राजनांदगांव, मोहल्ला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरगढ़-छुईखदान-गंडई, सुकमा, कबीरधाम और मुंगेली शामिल है।

# सुरक्षित और बेहतर माहौल बनाना मकसदः चीफ जस्टिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में शिशुगृह का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यहां बच्चों के लिए खेलने की जगह, सोने की जगह और एक भोजन क्षेत्र है। शिशुगृह का एकमात्र उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को न्यायिक क्षेत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना और एक सुरक्षित और बेहतर माहौल बनाना है। चंद्रचूड़ ने कहा, ₹हमारे पास कई सारे युवा वकील रोज काम करने आते हैं। हमारे पास 2500 सदस्यों का स्टाफ है। पुराना शिशुगृह 198 वर्गमीटर का था। यह शिशुगृह 450 वर्गमीटर में फैला हुआ है। यहां वकीलों और स्टाफ के 100 बच्चे रह सकते हैं। इसका उद्देश्य एक सुरक्षित और बेहतर माहौल बनाना है।₹ उन्होंने आगे कहा, इस शिशुगृह में बच्चों के लिए खेलने, खाने और सोने की जगह है। इसका लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को बच्चों की चिंता किए बिना न्यायिक क्षेत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि अन्य संगठनों को इससे सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, दूसरे संगठनों को हमसे सीख लेनी चाहिए, क्योंकि महिलाओं को प्रोत्साहित करने का यह एक तरीका है, जहां बच्चे सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों में रह सकते हैं। शिशुगृह का उद्घाटन करने के बाद मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ ने मामलों की सुनवाई शुरू की। उन्होंने कहा, माफी चाहता हूं कि कार्यवाही शुरू करने में समय लगा। हमने युवा पुरुष और महिलाओं के लाभ के लिए शिशुगृह का उद्घाटन किया। इससे पहले जो शिशुगृह था, उसमें 30 बच्चे ही रह सकते थे, लेकिन अब नए वाले में 100 बच्चे रह सकते हैं। इससे पहले डीवाइ चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के ब्रांच का भी उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश के साथ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल भी थे।

# असम में मुस्लिम विवाह-तलाक का निबंधन जरूरी

**पुराने कानून को रद्द करने का बिल विधानसभा से पास**

**मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने किया स्वागत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने गुरुवार को एक विधेयक पारित किया है। इसमें मुस्लिमों के विवाह और तलाक पंजीकरण से संबंधित एक कानून को निष्प्रभावी किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इस विधेयक के पारित होने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आज के दिन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि उनका अगला लक्ष्य बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाना है। सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई के हमारे प्रयास में आज का दिन ऐतिहासिक है। असम विधानसभा ने असम अनिवार्य मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण विधेयक 2024 पारित कर दिया है। इस अधिनियम के तहत विवाह को सरकार के साथ पंजीकृत करना अनिवार्य होगा। अब लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष की विवाह की कानूनी उम्र का उल्लंघन नहीं किया जा सकता है। इस विधेयक का समर्थन करने वाले सभी विधायकों का मैं समर्थन करता हूं। यह विधेयक राजनीति से ऊपर है। इसका उद्देश्य लड़कियों को सम्मान देना है। हमारा अगला लक्ष्य बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाना है। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने 22 अगस्त को विधानसभा में असम निरसन विधेयक, 2024 पेश किया था, जिसमें असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 और असम निरसन अध्यादेश 2024 को रद्द करने का प्रावधान है।

**काजी व्यवस्था से छुटकारा पाना उद्देश्य**

मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल बाल विवाह को समाप्त करना नहीं, बल्कि काजी व्यवस्था से छुटकारा पाना भी है। हम मुस्लिम विवाह और तलाक के पंजीकरण को सरकारी तंत्र के तहत लाना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सभी विवाहों का पंजीकरण सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार किया जाना चाहिए, लेकिन राज्य इस उद्देश्य के लिए काजी जैसे निजी निकाय का समर्थन नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि सभी विवाहों का पंजीकरण उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार करना होगा, लेकिन राज्य सरकार इस उद्देश्य के लिए काजियों की तरह अलग से किसी निजी इकाई का समर्थन नहीं कर सकती।

# गुजरात में बारिश से तबाही, 26 मौतें, रोड पर 12 फीट तक पानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गांधीनगर।** बीते पांच दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश से गुजरात में हाहाकार मचा हुआ है। यहां हर तरफ तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गयी है। वहीं कुछ जिलों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये हैं। इतना ही नहीं, यह बारिश जान पर भी बन आयी है। पिछले तीन दिनों में बाढ़ और बारिश की वजह से 26 लोगों की मौत हो गयी है। वहीं 40 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। राज्य सरकार की तरफ से राहत-बचाव कार्य जारी है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। वायुसेना के हेलीकॉप्टर भी राहत-बचाव कार्य में जुटे हैं। अब तक 17 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

**गुजरात के 11 जिलों में बारिश का रेड अलर्टः** मौसम विभाग की मानें तो आज भी कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जतायी है। विभाग ने 11 जिलों में बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। इनमें कच्छ, द्वारका, जामनगर, मोरबी, सुरेंद्रनगर, जूनागढ़, राजकोट, बोटाद, गिरसोमनाथ, अमरेली और भावनगर शामिल हैं। वहीं आइएमडी ने 22 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें नॉर्थ गुजरात, साउथ गुजरात और सेंट्रल गुजरात शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बातचीत कर हर संभव मदद का भी आश्वासन दिया है।

# यूपी-बिहार समेत सात राज्यों में एनआइए का छापा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** एनआइए ने रक्षा संबंधी खुफिया जानकारी लीक करने के मामले में सात राज्यों में छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तानी जासूसी गिरोह के जरिये रक्षा संबंधी गोपनीय जानकारी लीक होने के मामले में सात राज्यों में कई स्थानों पर दबिश दी गयी। आधिकारिक बयान में गुरुवार को बताया गया कि एनआइए की टीम ने बुधवार को कई परिसरों में छापे मारे। परिसर उन संदिग्ध लोगों से जुड़े थे, जिन्हें भारत में जासूसी गतिविधियां चलाने के लिए कथित तौर पर पाकिस्तान से पैसा मिला था। एनआइए के मुताबिक, पाकिस्तानी आइएसआइ जासूसी गिरोह के जरिये रक्षा संबंधी खुफिया जानकारी लीक होने से जुड़े मामले में गुजरात, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 16 स्थानों पर छापे मारे गये। इस दौरान 22 मोबाइल फोन और कई संवेदनशील दस्तावेज जब्त किये गये। एनआइए ने जुलाई 2023 में मामले को अपने हाथ में लिया था, जिसे मूल रूप से जनवरी 2021 में आंध्र प्रदेश के काउंटर-इंटेलिजेंस सेल ने दर्ज किया था। जांच एजेंसी ने कहा कि मामला सीमा पार से रची गई भारत विरोधी साजिश के तहत भारतीय नौसेना से संबंधित संवेदनशील महत्वपूर्ण जानकारी लीक करने से जुड़ा है।

# हाइवा की चपेट में आने से पिता-पुत्री घायल, पुत्र की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता





**ईचागढ़।** थाना क्षेत्र के तिरूलडीह मिलन चौक सड़क पर सोड़ो मोड़ के पास एक ओवर लोड बालू लदे हाइवा एक बाइक सवार को रौंदा, जिससे बंगाल के बाघमुंडी थाना के सींदरी निवासी बाइक सवार 12 वर्षीय सुनील महतो की मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं मृतक के पिता सपन महतो और 9 वर्षीय बेटी पद्मा महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को मिलन चौक स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु सिल्ली के सिंगपुर नर्सिंग होम भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोनाहातु थाना क्षेत्र के गाड़ाडीह से अपना घर सींदरी जा रहा था, तभी सोड़ो मोड़ के पास एचएलएम इंटरप्राइजेज का अनियंत्रित ओवर लोड 16 चक्का हाइबा सीधा बाइक को कुचल दिया। सुचना मिलते ही ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडेय और तिरूलडीह थाना प्रभारी आलम चांद महतो, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उग्र ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करते रहे। दो घंटे के बाद डीएसपी सुनील कुमार रजवार भी दलवल के साथ घटनास्थल पहुंचे। वाद में एसडीएम शुभ्रा रानी भी घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों को समझाने में जुटे। करीब 7 घंटों तक उग्र ग्रामीणों ने सड़क पर हंगामा करते हुए एचएलएम इंटरप्राइजेज द्वारा 16 चक्का हाइबा में प्रशासन के मिली भगत से ओवर लोड बालू संचालन को बंद कराने, मृतक के परिजनों को मुआवजा देने, अवैध बालू को रोकने आदि का मांग कर रहे थे। 7 घंटे के बाद भी वार्ता विफल रहा। पुलिस की टीम पहुंचते ही प्रशासन और एलएलएम इंटरप्राइजेज के खिलाफ आक्रोशित लोगों ने नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे। आक्रोशित लोगों ने मुआवजा दिए बीना लाश को उठाने का विरोध करते रहे। आक्रोशित लोगों का कहना है कि 16 चक्का हाइबा द्वारा एचएलएम इंटरप्राइजेज द्वारा वैध बालू डंप के आड़ में ओवर लोड बालू दिन रात चलाते हैं, जिसमें बालू को तीरपाल से भी नहीं ढका जाता है। ग्रामीण सपन कुमार महतो ने बताया कि समाज सेवा के नाम पर वैध डंप के आड़ में हरेलाल महतो अवैध रूप से बालू का खेल करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन कभी ओवर लोड पर भी धर पकड़ नही करते और न ही चालान देखा जाता है। उन्होंने कहा कि लोगों का जान लेने वाले अखबारों में सुर्खियां बटोरते हैं। कहा कि खनन विभाग ओवर लोड और अवैध बालू पर कारवाई करे और बंद कराए, अन्यथा आंदोलन किया जायेगा। खबर लिखे जाने तक उग्र ग्रामीणों ने सड़क पर ही अपने मांग को लेकर अड़े रहे। ग्रामीणों का हंगामा को लेकर लाश को उठाया नहीं गया था। देर शाम तक प्रशासन द्वारा उग्र ग्रामीणों के साथ वार्ता करते रहे। ग्रामीणों ने मुआवजा देने, अवैध बालू ओवर लोड बालू संचालन करने, व हाइबा मालिक पर ओवर लोड व हत्या का मामला दर्ज करने का मांग किया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ मुंडा टोली के अकला मुंडा 64 वर्ष की कल रांची टाटा रोड पर देर रात सड़क दुर्घटना में मुरपा गांव के निकट मौत हो गयी। गुरुवार को सुबह तमाड़ पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को शव सौंप दिया। शाम को मुंडारी विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वह अपने पीछे पत्नी, दो बेटा और एक बेटी को छोड़कर इस दुनिया से चले गये। यह सुनकर राजा पीटर अपनी पत्नी आरती देवी और कार्यकर्ताओं के साथ उनके घर पहुंचे और पीड़ित परिवार को इस दुख की घड़ी में संतावाना दिया और ढाढस बांधा।

## खेल दिवस पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। खेल दिवस के उपलक्ष मे आजसू पार्टी के बैनर तले जी एल चर्च आमलेशा मैदान में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे तमाड़ प्रखंड के ही 20 पंचायत तमाड़ पूर्वी, आमलेशा, सारजमडीह, हड़मलोहर, मल्हानभून्याडीह, आरहंगा, जारगो, उलीडीह, परासी, कुंदला, पुंडीदिरी, मनकडीह रगड़ाबड़ाम, कुरकुटा, पराईडीह डिंबुजार्दा, लुंगटु और उलीलोहर के फुटबॉल टीम भाग लिया। फाइनल मुकावला परासी और कुरकुट्टा के बीच खेला गया जिसमे पेनल्टी सूटआउट मे परासी 3त्त4 से बिजयी रहा। तीसरा स्थान पर लुंगटु और मालहान भून्याडीह रहा। विजेता टीम को मुख्य अतिथि सिंगराय टूटी आजसू के वरिष्ठ नेता द्वारा नगद राशि 10000 और एक चमचमाती बड़ा ट्राफी दिया गया वहीं, उपविजेता टीम को विशिष्ट अतिथि गुंजन इकिर मुंडा के हाथो नगद 7000 और एक बड़ा ट्राफी सेमीफइनल मे हारने वाले दोनों टीमों को तीनत्त तीन हजार और ट्राफी साथ ही सभी टीमों को जर्सी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हीरालाल दास उमेश नायक, धनेश्वर महतो, शक्तिपात महतो कमलेश मुंडा हरीश मुंडा हरदेव महतो अनिल महतो दिनेश प्रमाणिक मनोज महतो जीवन महतो बजरंगी योगीगुलाब महतो पंकज महतो विश्वनाथ महतो दिनेश प्रमाणिक रेफरी निशांत भिंगार कर्म मुंडा गुप्तेश्वर मुंडा लाल कश्यप सैनिका मुंडा महावीर पुराण गोखन मुंडा नीरज हंस उपस्थित थे।

# अवैध खनन और परिवहन मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाये : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गत एक माह के दौरान खनिज पदार्थों के अवैध खनन और परिवहन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गयी कार्रवाई की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि खनिजों के अवैध खनन स्थलों को चिन्ह्ति कर जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपस में समन्वय बनाकर अवैध खनन और परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यकतानुसार चेक पोस्ट बनाने का निदेश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाया जाए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बालू घाट वाले पंचायत के गांवों में नियमित तौर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामीणों को अवैध बालू उत्खनन के प्रति जागरुक करें। मोटर यान निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि अवैध परिवहन करने के आरोप में थाना में जब्त पड़े वाहनों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही राजस्व जमा कराए बिना किसी भी परिस्थिति में पकड़े गये वाहनों को न छोड़े। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, खान निरीक्षक, मोटर यान निरीक्षक, खूंटी सहित अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# जंगली हाथियों का उत्पात, कई घरों को किया ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडू गांव में बीती रात जंगली हाथियों की झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के झुंड ने कई घरों को अपना निशाना बनाते हुए उसे ध्वस्त कर दिया, जबकि खेतों में लगे फसल को बर्बाद कर दिया। वहीं घरों में रखे अनाज को खा गया। गजराज का उत्पात यही नहीं रुका और हाथियों के झुंड ने गांव के कई जगह पर जानवरों को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के मुताबिक बीती रात जंगली हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश किया और सबसे पहले घरों को निशाना बनाते हुए घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान घर में रखें अनाज को खाकर हाथियों का झुंड खेतों की ओर बढ़ा इस बीच रास्ते में गांव की रमनी देवी और शिवन तुरी के जानवर को पटक-पटक कर एवं कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद जंगली हाथियों के झुंड ने खेतों में लगे धान और मकई की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। हाथियों के उत्पात के बाद गांव के ग्रामीण एकत्रित हुए और शोर मचाकर और मशाल जलाकर हाथियों को खदेड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हाथियों का झुंड घुसने से भारी नुकसान हुआ है। कई घरों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। ग्रामीण किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचा रहे हैं। वही फसलों में लगे फसल और घर में रखें अनाज को भी बर्बाद कर दिया है। हाथियों के आतंक से गांव के ग्रामीण रातभर जाग कर गांव की पहरेदारी कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का झुंड गांव के इर्द-गिर्द में ही विचरण कर रहे हैं। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दे दी गयी है। इधर सूचना पाकर बुंडू पंचायत के मुखिया तुलसी तुरी पीड़ित परिवार से मुलाकात कर नुकसान का आकलन किया,साथ ही जल्द ही मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया।

## एकदिवसीय फुटबॉल खेल का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी की ओर से ताऊ मैदान में 16 महिला और पुरुष टीमों का एकदिवसीय फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया। यह खेल में प्रवेश निशुल्क था। विजेता टीम को दस हजार रुपये तथा उपविजेता को सात हजार रुपये पुरस्कार दिया गया। सभी खिलाड़ियों को आजसू पार्टी की ओर से जर्सी दिया गया। मौके पर राजकिशोर कुशवाहा, गुंजल ईकीर मुंडा, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, भय भंजन महतो, हरिहर महतो, मोहम्मद सिराज, देवनाथ महतो, विष्णु स्वांसी उपस्थित थे।

## बुंडू गांव में मिला विशाल अजगर, देखने के लिए उमड़ी भीड़



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू गांव में गुरुवार की सुबह एक विशाल अजगर को देखा गया। गांव के बीचो-बीच अजगर मिलने के बाद गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। अजगर को देखने के लिए यहां काफी संख्या में लोगों की भी जमा हो गयी। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह खेती काम से जा रहे कुछ लोगों ने गांव के एक खेत के पास एक विशाल अजगर को देखा, जिसके बाद यह खबर देखते ही देखते जंगल में आग की तरह फैल गयी।

## परमेश्वरी शांडिल ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

अड़की (आजाद सिपाही)। अड़की प्रखंड के बाडीनिजकेल पंचायत के लेपसेर गांव में मुलभुत बुनियादी सुविधाएं आज तक मयस्सर नहीं हो पाई है। बिजली पानी सड़क स्वास्थ सुविधाएं मुंह बाऐ खड़ी है। बुंडू जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी की नेत्री परमेश्वरी शांडिल ने कहा आज ग्रामीणों के साथ हुई बैठक में इस आशय की जानकारी मिली लोगों ने कहा कि पिछले दस सालों से यहां का कोई विकास नहीं हुआ। जिससे लोग काफी खफा हैं। बैठक की अध्यक्षता पाडेया मुंडा ने किया इस अवसर पर मादरु मुंडा, ताराचंद सिंह मुंडा, सुखराम मुंडा, गोपडा मुंडा, दुती कृष्ण मुंडा, फलीनदर अहीर, सरस्वती उपस्थित रहे।

# किसान महाविद्यालय में 52वां स्थापना दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** पांच परगना किसान महाविद्यालय बुंडू में गुरुवार को 52वां स्थापना दिवस मनाया गय। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की कमी को दूर करने के लिए 15 किलोमीटर के अंतराल में डिग्री कॉलेज होना चाहिए तभी सभी वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा मिलेगी। आगे रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा ने पांच परगना किसान कॉलेज की महत्ता को छात्रों के बीच साझा किये और क्षेत्र में शिक्षा की कमी को महसूस करते हुए बुंडू से लगभग 15 किलोमीटर दूर एक नये कॉलेज की स्थापना होने की बात कही। प्राचार्य प्रो मुकुल कुमार ने महाविद्यालय के संस्थापक सदस्यों को याद करते हुए कॉलेज को और आगे ले जाने पर बल दिया। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कॉलेज में महाविद्यालय मुख्य द्वार, साइकिल स्टैंड और कैंटीन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। 52 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कॉलेज की ओर से प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी कुलपति के द्वारा किया गया। मौके पर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ जय राम महतो, डॉ रमेंदर कुमार जायसवाल प्रो भीम साहु महाविद्यालय के अवकाश प्राप्त शिक्षक और झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य डॉ राधारमन साहु, प्रो भूतनाथ प्रमाणिक, प्रो हंस कुमार, और महाविद्यालय के वर्तमान में कार्यरत सभी शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## डकरा में सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन

# टीमवर्क के साथ उत्पादन लक्ष्य को हासिल करेंगे : हर्षनाथ

आजाद सिपाही संवाददता



**खलारी।** वीआईपी क्लब डकरा में आयोजित हुए दो दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन गुरूवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीसीएल कार्मिक निदेशक हर्षनाथ मिश्रा और विशिष्ट अतिथि टेक्निकल सेक्रेटरी डीपी अशोक सिंह, सीसीएल खेल अधिकारी आदिल हुसैन और महाप्रबंधक सुजीत कुमार उपस्थित थे। इस दौरान एसओपी ज्योति कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन सीसीएल के सभी एरिया से आये कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें कलाकारों ने बारी बारी से कव्वाली, नागपुरी, ऑर्केस्ट्रा आदि की प्रस्तुति दी। मौके पर मुख्य अतिथि डीपी हर्षनाथ मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन से कामगारों में उर्जा का संचार होता है। कहा कि जिस तरह अच्छी प्रस्तुति के लिए एक टीम के साथ समन्वय स्थापित कर एक बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाता है, उसी तरह खदानों में भी एक टीमवर्क की भावना से काम करके बेहतर उत्पादन को हासिल किया जा सकता है। टीमवर्क के द्वारा हम अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करेंगे। उन्होने कहा कि संगीत तनाव को दूर करता है, जो कामगारों के लिए बेहतर है। वहीं महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से कामगारों में आत्मविष्वास और नयी उर्जा का संचार होता है जिससे हमारे उत्पादन में सहयोग मिलता है और उत्पादन में बढ़ोतरी होती है। कार्यक्रम के अंत में परिणामों की घोशणा कर विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिनमें भजन, गजल, गीत, रबींद्र संगीत, नजरूल गीत, ख्याल, ठुमरी, भारतीय लोक गीत, लाइट सांग, कथक नृत्य, तबला, बांसुरी, माउथ ऑर्गन, सेक्सोफोन, गिटार, बेंजो, सिंथसाइजर के कलाकार षामिल है। पूरे कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर सीसीएल खेल अधिकारी आदिल हुसैन, कमलेश सिंह, एसओ सेफटी राजेंद्र प्रसाद, लोकनाथ राणा, निखिल अखोरी, प्रेम कुमार, सुनील कुमार सिंह, शैलेश कुमार, डीपी सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, विनय सिंह मानकी, गोल्डेन यादव, कृष्णा चैहान, रंथू उरांव, रामलखन गंझू, उमाकांत सिंह, हरेंद्र सिंह, देवपाल मुंडा, अमर भूषण सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, धीरज कुमार मौजूद थे।

## रोजगार छीनने की साजिश के खिलाफ सड़क पर उतरेगा मोर्चा : बिगन सिंह



खलारी (आजाद सिपाही)। मोनेट कोल वाषरी के कामगारों एवं वहां काम करने वाले असंगठित मजदूरों ने गुरूवार को रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले विरोध प्रदर्षन किया। प्रदर्षन के दौरान कामागरों ने विरोधा जताते हुए कहा कि कुछ शड़यंत्रकारी लोगों के द्वारा एक शडयंत्र के तहत मोनेट वाषरी के खिलाफ दुश्प्रचार किया जा रहा है। कामगारों का कहना था कि बार-बार मोनेट वाषरी पर प्रदुशण को लेकर तरह तरह के आरोप लगाए जा रहे है। जबकि मोनेट प्रबंधन के द्वारा लगातार पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदुशण नियंत्रण को लेकर सभी कदम उठाए गये है। वहीं कहा गया कि वाषरी को जानबुझ कर बंद कराया जाने का शड़यंत्र किया जा रहा है। कहा गया कि अगर वाषरी बंद होती है तो हजारों मजदूर सड़क पर आ जायेंगे। वहीं मोनेट वाषरी क्षेत्र में 15 वर्शो से कार्य कर रही है जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जुड़े 10 हजार लोगों का रोजगार खत्म हो जायेगा। मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि कुछ लोगों को वाषरी से ही प्रदुशण होता दिखता है। जबकि कोयला खदानों से हो रहे प्रदुशण पर कोई कुछ नही बोलता है। यह सब रोजगार छिनने की साजीष है। वहीं कहा कि अगर ऐसा हुआ तो मोर्चा सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को हर समय तैयार है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिगन सिंह भोगता, नरेष गंझू, रामलखन गंझू, ष्याम उरांव, इस्माइल अंसारी, बुधनी देवी, रीता देवी, फुलमनी देवी, प्रिया देवी, सुलेखा देवी, सीता देवी, सुनिता देवी, विजय गंझू, मेहताब आलम, सुनील गंझू, बिहारी लोहरा, राजकुमार वर्मा, अनिल तुरी, रूपेष केषरी, षिव लाल, जय किषोर, सावित्री देवी, धनराज मिस्त्री, पिन्टु गंझू, पंकज गंझू, मिथलेष चैहान, षीवा राम, ओमप्रकाष रजवार, मिथिलेष सिंह, सुरेष महतो, पवन गंझू सहित काफी संख्या में मोनेट कामगार उपस्थित थे।

# सरना क्लब ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के पताल पंचायत में सरना क्लब के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के भाई और जिला इंटक सचिव अंकित राज मौजुद थे। आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया, जिसके बाद अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकित राज ने कहा कि खेल से शारारिक विकास होता है और अपनी प्रतिभा का उजागर करने का मौका भी इस तरह के आयोजन से मिलता है। खेल हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है। खेल और खिलाड़ियों की मदद के लिए हर संभव मदद करने का काम किया जायेगा। इस मौके पर सरना क्लब के अध्यक्ष दिनेश महतो, सचिव सुनील महतो, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर महतो, टिकेश्वर महतो, पिंटू मुंडा, दीपक मुंडा, पंचायत अध्यक्ष फुलेश्वर महतो, दिलीप महतो, संजय ठाकुर, करण मुंडा, रंजीत गंझु, झरी गंझु, नरेश गोप, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र साव, उमेश यादव, गुरदयाल सिंह, मगल सिंह, विष्णु पांडेय, बैजू सिंह, बलु सिंह, किसुन देव प्रसाद, रामनंदन राम, नरेश साव, अनिल सोनी, हीरा राम, बिनोद पासवान, तालकेश्वर महतो, तेजनाथ महतो, कमला महतो मौजूद थे।

## बिजली तार चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

# आठ क्विंटल एल्यूमिनियम तार और अन्य सामान बरामद

**उनके पास से लगभग 800 किलोग्राम हाइटेंशन बिजली का एल्यूमिनियम तार बरामद किया गया है।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** हाईटेंशन विद्युत अल्युमिनीयिम तार की चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह का पदार्फाश करते हुए तोरपा थाना की पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास सें लगभग 800 किलोग्राम हाईटेंशन बिजली का अल्युमिनियम तार बरामद किया गया हे। पकड़े गये दोनों आरोपितों में मधुकम रांची निवासी गणेश कुमार 25 वर्ष और मधुकम, महुआ टोली रांची सिकंदर सिंह शामिल हैं। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि खूंटी के पुलिस कप्तान अमन कुमार को बुधवार को गुप्त सूचना मिली कि एक अंतर जिला गिरोह कमाडारा की ओर से हाईटेंशन बिजली के अल्युमिनियम तार की चोरी कर छोटे वाहन से खूंटी की ओर ले जानेवाला है। सूचना के सत्यापन और विधि सम्मत कार्रवाई करने के लिए एसपी के निर्देश पर तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम में तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय और अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने गुरुवार को सुबह पौने पांच बजे तोरपा थाना क्षेत्र के दियांकेल गांव के पास से एक मारुति सुजुकी सुपर कैरी माल वाहक गाड़ी नंबर जेएच 01 डीपी 2159 जो त्रिपाल से ढका हुआ था, सड़क किनारे खड़ा पाया। पीसीआर गाड़ी को देखकर वाहन पर सवार लोग गाड़ी लेकर भागने लगे। संदेह होने पर थाना प्रभारी तोरपा और पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए उक्त गाड़ी का पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया गया। वाहन पर दो लड़के सवार थे। चालक सीट पर बैठे व्यक्ति से पूछने पर उसने अपना नाम गणेश कुमार उम्र 25 वर्ष पिता कृष्णा साव ग्राम मधुकम छोटानागपुर स्कूल के पास थाना सुखदेव नगर, जिला रांची बताया। उसकी बगल सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सिकंदर सिंह पिता जितेंद्र सिंह ग्राम मधुकम रांची बताया। संदेह होनें के आधार पर वहां के त्रिपाल हटाकर वाहन की जांच की गई, तो वाहन के डाला में आठ क्विंटल हाईटेंशन बिजली का अल्युमिनियम तार पाया गया। साथ ही एक तार काटने का कटर, हेक्सा ब्लेड लगी आरी, पेंचकस, नायलॉन रस्सी आदि बरामद किए गए। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने अन्य 8-10 सहयोगियों के नाम बताए, जो रांची और गुमला जिले के रहने वाले है। पकड़े गये आरोपितों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि कमडारा थाना क्षेत्र से बिजली तार की चोरी में वे शाामिल थे और पूर्व में भी कई बार खूंटी और गुमला क्षेत्र में विद्युत तार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बिजली चोरी को लेकर विभाग द्वारा बुधवार को कमडारा थाने में 10-12 लाख रुपये मूल्य के बिजली तार चोरी होने का मामला दर्ज कराया गया है। पकड़े गये दोनों आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में तोरपा कें एसडीपीओ के अलावा तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, आरक्षी देवचरण भगत, आशीषन टेटे और चौकीदार राजेंद्र लोहार शामिल थे।

## झारखंड नवनिर्माण यात्रा से अबुआ दिशुम-अबुवा राज होगा स्थापित : देवेंद्र नाथ महतो



खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड गठन के उद्देश्य, शहीदों का सपना, आंदोलनकारियों का अरमान अबुआ दिशुम अबुआ राज स्थापित करने को लेकर जेबीकेएसएस जेएसएसयू के बैनर तले केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में आगामी 1 सितंबर 2024 दिन रविवार को धरती आबा बिरसा मुंडा जन्मस्थल उलिहातु खूंटी से लेकर शहीद रघुनाथ महतो शहादत स्थल लोटा सिल्ली तक न्याय अधिकार सह झारखंड नवनिर्माण यात्रा करने का निर्णय लिया गया है। यात्रा को सफल बनाने को लेकर सिल्ली , सोनाहातू, राहे, बुंडू, तमाड़, अड़की, ईचागढ़, कुकड़ू, नीमडीह, चांडिल प्रखंड में बैठक किया गया उक्त जानकारी नकुल कुमार मुकेश ने दिया।

# कहीं बेटी का प्यार तो कहीं मिल रहा बहू की तरह आशीर्वाद: अरुणा



**श्रीश्री 108 जीआर स्वामी जी महाराज का दर्शन कर लिया आशीर्वाद, कहा- हम सभी के लिए सौभाग्य की बात**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सिंगर, बारालोटा, जोड़ और खंनवा का गुरुवार को सघन दौरा कर कई विशिष्ट अतिथियों से मुलाकात करते हुए आशीर्वाद लिया। साथ ही विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड मतों से जीताने की अपील की। प्रथम महापौर ने बताया कि मैं जहां-जहां भी गई कहीं लोगों ने मुझे बेटी का प्यार दिया तो कहीं बहू के रूप में आशीर्वाद दिया। सभी से मिलने के बाद संध्या आरती के वक्त अरुणा शंकर त्रिदंडी स्वामी जी के शिष्य जियर स्वामी जी का दर्शन करने पूजा स्थल पर पहुंची और उनका आशीर्वाद लिया। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है इतने बड़े स्वामी जी हमारे नगर में 4 महीने के लिए प्रवास कर रहे हैं। उनके आशीर्वाद से हमारे नगर का कल्याण होगा। हम नगरवासी ज्यादा से ज्यादा संख्या में उनका दर्शन करें। वहीं, दर्शन के बाद स्वामी जी की सेवा में लगे सारा कार्यभार देख रहे बड़े भाई विजय सिंह के हाथों प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जितेंद्र तिवारी, गुड्डू तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, आनंद तिवारी, अजीत तिवारी, सुनील पांडेय, सुनील तिवारी, शुभम तिवारी आदि उपस्थित थे।

# पलामू सीएस ने की स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में पलामू के सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने गुरुवार को स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें पल्स पोलियो के कार्यों की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल अंतर्गत डायरिया की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को डायरिया नियंत्रण को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि डायरिया के मरीज अब कम संख्या में आ रहे हैं। अस्पताल के कर्मी हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनेश कुमार के अलावा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रेममणि सुधांशु आदि उपस्थित थे।

# समृद्धि की पाठशाला में बच्चों के बीच किया गया पाठ्य सामग्री का वितरण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मिशन समृद्धि संस्था की कोषाध्यक्ष प्रो डॉ सरिता कुमारी ने समृद्धि की पाठशाला में बच्चों के बीच पाठ्य एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया। अपने व्यस्तम समय में भी मिशन के क्रिया-क्लाप में शामिल होती चली आई हैं। अपने अच्छे सुझाव से संस्था को हमेशा लाभ पहुंचाती रहीं हैं। उनके पति प्रो डॉ अविनाश श्रीवास्तव भी हमेशा कचरवा के पाठशाला में जाते रहें हैं और बच्चों के बीच पढ़ाई के प्रति जागरूक करते रहें हैं। इसमें बैजंती गुप्ता, वीणा, राज, ममता, रंजीता, शालिनी श्रीवास्तव, संध्या, शेखर, शिल्पी, शीला गोस्वामी, बेबी पाण्डेय, अमन, चक्र, ऋषि कुमार, शैलेंद्र कुमार आदि का सराहनीय योगदान हमेशा रहता है।

# आज से जपला में शुरू होगा रेल अस्पताल यात्रियों को भी मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** वर्षों इंतजार के बाद डीडीयू रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले जपला स्टेशन पर रेल अस्पताल का शुभारंभ शुक्रवार से होने जा रहा है।इससे 15 स्टेशन पर कार्यकर्ता हजारों रेलकर्मी, उनके परिजनों एवं यात्रियों को भी लाभ होगा। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान ने बताया कि एआईआरएफ एवं ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रयास से वर्षों से अस्पताल की राह देख रहे हजारों कर्मियों का इंतजार खत्म होगा। यूनियन के प्रयास से आज से रेल हॉस्पिटल का शुभारंभ जपला स्टेशन पर किया जा रहा है जिससे रेल कर्मियों सहित यात्रियों को भी इमरजेंसी सेवाएं मिलेंगी। शुभारंभ समारोह में एआईआरएफ के केंद्रीय नेता, ईसीआरकेयू के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह डीडीयू रेल मंडल के पीएनएम प्रभारी मिथिलेश कुमार, सीनियर मंडल अभियंता शशांक पांडेय आदि शामिल होंगे।

# सामाजिक कार्यकर्ता कामेश्वर राम का निधन अंतिम संस्कार में शामिल हुए कई दलों के नेता



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के अररुआ मोड़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता कामेश्वर राम का बुधवार की रात निधन हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर है। इसकी सूचना के बाद गुरुवार को मृतक के घर कई राजनीतिक दलों के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। बतातें चलें कि कामेश्वर राम समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। वह काफी समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार बटाने नदी घाट पर किया गया। जहां हरिहरगंज हुसैनाबाद विस क्षेत्र के प्रमोद कुमार रवि, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिप प्रतिनिधि राजेश राम, विजय राम, शिक्षक अर्जुन राम, सूरजमल राम, सुशील कुमार रवि, भीमदयाल रमन, संजय राम, सरयू राम, सुरेश राम, यमुना कुमार रवि, दिनेश राम दरोगा, लाबडू कुमार, अमित कुमार, शंभू सिंह, विंदेश्वरी राम शिक्षक, पिंटू कुमार, लाली राम, गोपाल साव, जितेन्द्र दास और गोपाल चौधरी आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

## पलामू सांसद ने पौधरोपण कर मनाया 75वां वन दिवस महोत्सव

# एक वृक्ष 10 पुत्रों के बराबर : सांसद

**कहा- 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने गुरुवार को सदर प्रखंड अंतर्गत जोरकट में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आयोजित 75 वें वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया एवं लोगों से वृक्षारोपण करने का अनुरोध किया। सांसद ने वृक्षों के महत्व को लेकर मत्स्य पुराण में वर्णित एक श्लोक के अर्थ को बताते हुए कहा कि 'एक जलकुंड दस कुएं' के समान होता है। एक तालाब 10 जलकुंड के समान होता है। एक



पौधारोपण करते पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व अन्य।

पुत्र का 10 तालाब जितना महत्व है और एक वृक्ष का 10 पुत्रों जितना महत्व है। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा चलाये गए अभियान 'एक वृक्ष मां के नाम' से जुड़कर वृक्षारोपण करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण फोटो खिंचवाने या सिर्फ सेल्फी लेने के लिए ना करे, बल्कि उसकी देखभाल की भी जिम्मेवारी लें, ताकि लगाया गया पौधा मरे नहीं। सांसद ने बताया कि वृक्षों और जंगलों के दोहन और बढ़ रहे औद्योगिक क्षेत्र से प्रति वर्ष गर्मी में बेहताशा वृद्धि हो रही है। यही स्थिति रही तो वो दिन दूर नहीं जब लोग अत्यधिक गर्मी और पीने के पानी की कमी से त्राहिमाम करते नजर आएंगे। उन्होंने वैश्विक स्तर की सबसे बड़ी समस्या 'ग्लोबल वर्मिंग' को भी पेड़-पौधों की कमी की वजह बताया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, प्रफुल्ल कुमार सिंह, ईश्वरी पाण्डेय, विजय ओझा, जिला परिषद सदस्य वासो देवी, अर्जुन सिंह, भरदुल सिंह, रविंद्र सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, अभय सिंह, संदीप सिंह और कौशल झा आदि मौजूद थे।

# सितंबर में शुरू होगा बहुप्रतीक्षित हैदरनगर पंसा पथ का निर्माण कार्य : कमलेश सिंह

**कहा- तकनीकी कारणों से सड़क निर्माण शुरू कराने में हुई देरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जनता की परेशानियों को देखते हुए हैदरनगर-पंसा मुख्य पथ का निर्माण कार्य सितंबर ममहीने में शुरू होगा। कुछ तकनीकी कारणों से सड़क निर्माण कार्य में देरी हुई। इसका खेद है। काफी प्रयास के बाद निविदा का काम पूरा हो चुका है। अब निर्माण का काम तेजी से करा कर जनता



की परेशानियों को दूर किया जाएगा। उक्त बातें एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि पंसा पथ निर्माण के लिए संवेदक को कार्य आवंटित करा दिया गया है। जनता बेहतर ढंग से कार्य करवायें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में कहीं भी अनियमितता होती है, तो ग्रामीण सीधे उनसे संपर्क करें। सुधार नहीं हुआ तो संवेदक को काली सूची में डालने की प्रक्रिया की जाएगी। विधायक ने कहा कि पंसा मुख्य पथ को लेकर उन्होंने काफी प्रयास किया है। देरी होने की वजह से जनता को अवगत कराया जाएगा। जो लोग गलत अफवाह उड़ा रहे हैं उन्होंने अपने कार्यकाल में जनता को क्या दिया यह आकलन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह थोड़ा अस्वस्थ्य हैं। एक सप्ताह के अंदर वह स्वस्थ होकर हुसैनाबाद-हरिहरगंज के अपने परिवार के सदस्यों से मिलेंगे। एक सप्ताह में ही पंसा पथ निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया जायेगा।

# थाना प्रभारी व सीओ संयुक्त रिपोर्ट पेश करें: डीसी

**डीसी की अध्यक्षता में वर्चुअल मोड में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अवैध खनन पर रोकथाम को लेकर गुरुवार को डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। वर्चुअल मोड में आयोजित इस बैठक में सर्वप्रथम जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन को लेकर की गई कार्रवाई से डीसी को अवगत कराया। बताया कि 26 जुलाई से लेकर



गुरुवार तक अवैध खनन से जुड़े कुल 28 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं जुर्माने के रूप में 24.46 लाख रूपए की वसूली की गयी है साथ ही कुल 28 राजसात केस दायर किये गये हैं।

डीसी ने सभी सीओ व थाना प्रभारियों से खनन क्षेत्र के निरीक्षण के समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में नियमित जांच करें एवं यह सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन नहीं हो। इसके अलावे डीसी ने अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध की गयी कार्रवाई का प्रखंडवार विस्तृत समीक्षा करते हुए जिले के सभी वन प्रक्षेत्र, अंचल में अवैध उत्खनन आदि की जानकारी ली। समाहरणालय सभागार में डीसी, डीएफओ, डीएमओ आनंद कुमार समेत कुछ सदस्य मौजूद रहे, जबकि खनन टास्क फोर्स के अधिकांश सदस्य ऑनलाइन मोड से जुड़े रहे।

# 30 से कुलिया पंचायत से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** 30 अगस्त से 13 सितंबर तक चलने वाले कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता को लेकर बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रखंड सभागार में बैठक हुई। जिसमें प्रखंड, अंचल कर्मी, बाल विकास परियोजना और जेएसएलपीएस के अधिकारी मौजूद थे। बीडीओ ने बताया कि डीसी के निर्देशानुसार हरिहरगंज प्रखंड के सभी पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तरह शिविर आयोजन की तिथि निर्धारित की गई है। इसमें 30 अगस्त को कुलहिया पंचायत



सचिवालय, 31 को सेमरवार, दो सितंबर को कटैया, चार सितंबर को तुरी, छह सितंबर को खड़गपुर, नौ सितंबर को सरसोत, 11 सितंबर को सलैया और 13 सितंबर को ढक्का पंचायत में शिविर लगाया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से तीन बड़े स्टॉल लगाए जाएंगे। इसमें जेएसएलपीस, एसडीएस और रजिस्ट्रेशन के लिए बड़े स्टॉल होंगे। उन्होंने सभी कर्मियों को शिविर में समय पर पहुंच कर सभी योजनाओं से लाभार्थियों को लाभांवित करने का निर्देश दिया है। बैठक में आकांक्षी प्रखंड कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम मुकेश कुमार, बाल विकास परियोजना प्रवेक्षिका सुमित्रा देवी, सीआई संजीव कुमार, कर्मचारी संतोष उरांव, रामपद प्रजापति, अलीम अंसारी, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

# अनुबंधकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, अभिमन्यु का मिला समर्थन

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फोडरेशन के आह्वान पर विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को सातवें दिन भी जारी रहा। अनुबंधकर्मियों को आज वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह का समर्थन मिला। बबलू सिंह खुद धरना मंच पर पहुंचकर समर्थन देने की घोषणा की। वे खुद अपपने समर्थकों के साथ धरना पर बैठे। अनुबंधकर्मियो ने अपना छह सूत्री मांग पत्र उन्हें सौंपते हुए उनसे सरकार पर दबाव बनाने की अपील की. इस पर अभिमन्यु सिंह ने आश्वस्त किया कि अनुबंधकर्मियो की आवाज को हर स्तर पर बुलंद किया जायेगा। वहीं, फेडरेशन के विश्रामपुर इकाई अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि उनकी मांग जायज है। जब तक सभी मांगें नहीं मानी जायेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, अंजू अभिमन्यु टीम के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, प्रभारी सलीमुदिन अंसारी, प्रवीन सिंह, उसमान अंसारी, फेडरेशन के उपाध्यक्ष मुबारक अंसारी, दीपक चंद्रवंशी, सुबोध केशरी, रवि कुमार, सुमित कुमार, राजेश प्रसाद, नीरज कुमार आदि थे।

# बीसीसीएल में नही बन पाया है नया श्रम शक्ति बजट : आदित्य नाथ झा

**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)। देश-दुनिया के किसी भी छोटे बड़े उद्योग या संस्थान में श्रम शक्ति बजट वर्ष के प्रारंभ से ही लागू किया जाता है। बीसीसीएल में भी मैनपॉवर बजट सत्र 2024- 25 के लिए एक अप्रैल को लागू होना था। पर अभी तक बीसीसीएल 2023 -24 के श्रम शक्ति बजट के आधार पर ही उद्योग चला रही है। उक्त बातें बीसीसीएल कॉल माइंस इंजीनियरिंग वर्कर्स एसोसिएशन बीसीसीएल जोन के महामंत्री आदित्यनाथ झा ने बीसीसीएल अधिकारियों को पत्र लिखकर कही।**

# खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए : प्रधानाचार्य



**राष्ट्रीय खेल दिवस पर जपला सरस्वती विद्या मंदिर में खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय, वरिष्ठ आचार्य शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव ने संयुक्त रूप से मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर कक्षा षष्ठ से दशम तक के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी आदि का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल व्यक्ति के विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेलने की जरूरत पर भी बल दिया। कहा कि ऐसे महान खिलाड़ी से युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाएं और आगे बढ़ाएं। वहीं शारीरिक आचार्य अभिषेक पाठक ने कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। आचार्य शशि कुमार ने कहा कि जीवन में शारीरिक गतिविधियों और खेलों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्या भारती की ओर से इस तरह के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर मृत्युंजय प्रसाद, रंजीत मिश्र, दीपक पांडेय, धर्मेंद्र कुमार, छाया कुमारी, हर्षदा चौबे आदि मौजूद थे।

# ओबीसी एकता अधिकार मंच ने अधिकारों के लिए एकजुट होने का किया आह्वान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर विधानसभा अंतर्गत नवाबाजार प्रखंड के ग्राम कुंभी खुर्द में पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड की ओर से गुरुवार को जनसभा आयोजित की गई। जिसे संगठन के केंद्रीय सदस्य गोरखनाथ चौधरी और सुरेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। नेताओं ने ओबीसी समाज के लोगों से जनसंवाद कर अपने हक एवं अधिकारों के लिए एकजुट होकर सरकार के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया। कहा कि चाहे सरकारी संस्था हो या गैर सरकारी सभी में 52 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही सभी ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था कर उन्हें पढ़ने के लिए ओबीसी छात्रावास की व्यवस्था हो। पिछड़ा वर्ग में प्रगतिशील, सामाजिक, राजनीतिक लोग है फिर भी उन्हें सत्ताधारी राजनीतिक लोग चुनावी फायदे के लिए गुणवत्ताहीन तरीके से उपयोग कर रहे हैं। हम सबको एकजुट होना होगा और अपने हक अधिकार के लिए लड़ना होगा। मौके पर लालमुनि चौधरी, बिपिन कुमार यादव, रामनाथ ठाकुर, प्रेमचंद चौधरी आदि उपस्थित थे।

# हरिहरगंज न्यू सब्जी मंडी से बुजुर्ग का शव बरामद

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के न्यू सब्जी मंडी में गुरुवार की सुबह एक वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद हुआ। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह कुछ दिनों से बीमार भी था। शहर के आसपास में ही घुमकर अपना गुजर बसर करता था।


## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 11/2024–25

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 04.09.2024 को (अपराह्न 01:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 05.09.2024 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 05.09.2024 को 04:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी का कार्यालय
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी | एस०एस० +2 उच्च विद्यालय, खूँटी अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के रसोई घर का जीर्णोद्धार कार्य। | 717300.00 | 14500.00 | 1250.00 | 02 माह |

नोट :1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. जिला परिषद, खूँटी के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
3. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 334111 District(24-25)D

## कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद् झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा

Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

अति अल्पकालीन दर उद्धरण आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2024–25

पत्रांक 2396 दिनांक 28.08.2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरीय प्रशासन निदेशालय के निर्देशानुसार DAY-NULM योजना अन्तर्गत SEP-I, SEP-G तथा SHG बैंक लिंकेज प्राप्त लाभुकों को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण (EDP) दिया जाना है। झुमरी तिलैया नगर परिषद् अन्तर्गत आवंटित्त लक्ष्य के आलोक में 2024–25 में SEP-I एवं SEP-G अन्तर्गत ऋण प्राप्त व्यक्तिगत लाभुकों तथा बैंक लिंकेज से आच्छादित स्वंय सहायता समूह के अधिकतम तीन सदस्यों को प्रशिक्षण (EDP) दिया जाना है। इच्छुक Rural self-Employment Training Instituted (RSETI), NIESBUD, Ni-MSME, EDI, NCVET recognized institutions/ bodies engaged in entrepreneurship development/training, management/educational institutes, reputed NGOs engaged in entrepreneurship development/ training से संबंधित निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापनदाता का नाम :– प्रशासक, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
2. दर उद्धरण प्राप्ति की तिथि स्थान एवं समय :– 06.09.2024 झुमरी तिलैया न0 प0, कार्यालय (11:00 बजे पूर्वा० से 02:00 बजे अप० तक)
3. दर उद्धरण खोलने का स्थान एवं समयः– झुमरी तिलैया नगर परिशद् कार्यालय, दिनांक 09.09.2024 समय 03:00 अप० तक

| घटक | कुल लाभुकों की संख्या | प्रशिक्षण अवधि | प्रति प्रशिक्षणार्थी अधिकतम अनुमान्य राशि | निविदा शुल्क (डी०डी०) | कार्य अवधि | उद्धत दर (जी०एस०टी० सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| SEP-I, SEP-G and SHG Bank Linkage | प्रति प्रशिक्षणार्थी | 5/6 दिवसीय (30 घण्टे) | रू० 3126.00 | 1000.00 | 30 Days | |

नोटः– निविदा की नियम व शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

ह0/– प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR.NO.334100 Urban Development(24-25):D

## कार्तिक पांडियन के प्रचार पर 15 करोड़ का खर्च हुआ



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कार्तिक पांडियन के प्रचार अभियान में 15 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। पिछले 5 साल में प्रचार पर कुल 452 करोड़ 96 लाख रुपये खर्च हुए। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गुरुवार को विधानसभा में विधायक प्रशांत जगदेव के सवाल का जवाब दिया। 2024 के चुनावी विज्ञापन के लिए पांडियन की तस्वीर पर 15 करोड़ 26 लाख 91 हजार रुपये खर्च किये गये हैं। कार्तिक पांडियन 5टी चेयरमैन बनने के बाद पिछले सरकारी खजाने से यह रकम अखबारों में विज्ञापन और फोटो पर खर्च की थी।

# कीट और कीस ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कीट और कीस द्वारा गत गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। भारतीय हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कीट और कीस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने सभा को संबोधित करते हुए खेलों को बढ़ावा देने में कीट और कीस के अग्रणी प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'शेष भारत आज जो कर रहा है, हमने 24 साल पहले शुरू किया था।' ओलंपिक प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए उन्होंने उम्मीद जतायी कि 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए 15 से अधिक छात्र अर्हता प्राप्त करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उनकी शिक्षा के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं भी प्रदान की जायेगी। डॉ सामंत ने यह भी कहा कि कीट - कीस केवल शैक्षणिक संस्थान नहीं हैं अपितु खेल उत्कृष्टता के केंद्र भी हैं।

कैटेलिटिक इनोवेटर्स ग्रुप के मुख्य उत्प्रेरक कीस में एक अन्य कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. सामंत की उल्लेखनीय उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा, डॉ. अच्युत सामंत ने जो हासिल किया है, वह असाधारण है। उनके साथ विशिष्ट मेहमान के रूप में डॉ. अलका गुप्ता बादशाह भी थीं। 30 वर्षों में, एक व्यक्ति दुनिया का आठवां आश्चर्य बना सकता है। उन्होंने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया, इसे 'तीसरी आंख' के रूप में वर्णित किया, जिसका उपयोग सभी के लिए सामाजिक-आर्थिक समृद्धि लाने के लिए किया जाना चाहिए। डॉ. बादशाह ने कीस के छात्रों को प्रदान की गई विश्व स्तरीय शैक्षणिक सुविधाओं की भी सराहना की।

अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सरनजीत सिंह ने पिछले दशक में हॉकी के पुनरुत्थान में ओडिशा की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'भारत में ऐसा कोई विश्वविद्यालय नहीं है, जिसमें हमारे जैसा एस्ट्रो-टर्फ हॉकी मैदान हो। कीट और कीस में उपलब्ध खेल बुनियादी ढांचे के साथ, मुझे उम्मीद है कि भविष्य के ध्यानचंद यहीं से निकलेंगे।' कीट के खेल महानिदेशक गगनेंदु दाश ने कीट और कीस के छात्रों द्वारा प्राप्त वैश्विक मान्यता की सराहना करते हुए कहा, 'कीट -कीस और के छात्रों को दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है। हमारा बुनियादी ढांचा देश में किसी से कम नहीं है।'

उनकी उपलब्धियों के सम्मान में पर्वतारोही बिभरानी पात्रा को 50,000 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कीट स्पोर्ट्स न्यूजलैटर का भी शुभारंभ किया गया।

# जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन ने सीएम से मुलाकात की



- मुख्यमंत्री ने जिंदल को प्रस्ताव दिया कि कंपनी उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए अंगुल जिले में एक विश्व स्तरीय स्टेडियम बनायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 29/08 जिंदल स्टील एंड पावर के अधक्ष एवं सांसद श्री नवीन जिंदल ने आज लोक सेवा भवन में मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी से सौजन्य मुलाकात की।

बैठक के दौरान ओडिशा में कंपनी की चल रही परियोजनाओं और आगामी परियोजनाओं पर चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री ने ओडिशा में उद्योगों के विकास के लिए जिंदल के प्रयासों की सराहना की और कहा कि आगे संप्रसारण के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिशा अब खेल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत सारी प्रतिभाशाली खेल प्रतिभाएं हैं। मुख्यमंत्री ने जिंदल को प्रस्ताव दिया कि कंपनी उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए अंगुल जिले में एक विश्व स्तरीय स्टेडियम बनायेगी।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. ई.निविदा सं. : पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईटीएन-21-24-25. 2. कार्य का नाम : मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बी.जी रेलवे ट्रैक के लिए बिली साइडिंग में आरडीएसओ के विनिर्देश आईआरएसजीई-I जून 2004 की पुष्टि करने वाले 1,00,000 घन मीटर 50 मि.मी. आकार की मशीन क्रशड ट्रैक ब्लास्ट की आपूर्ति एवं रेलवे वैगनों में लोड करने का कार्य। 3. अंकलित मूल्य (रू) : ₹19,92,47,000.00, 4. निविदा प्रपत्र का लागत (रू) : ₹0.00, 5. अग्रधन राशि (रू) : ₹11,46,200.00, 6. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 (बारह) माह। 7. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 16.09.2024 at 15.30 hrs. बजे अपराह्न।
ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/00985/कॉन/अमि./टी/24-25/44

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# नालको को खेलों में योगदान के लिए बीजू पटनायक खेल पुरस्कार मिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार, खान मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र का 'नवरत्न' लोक उद्यम, नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) को खेल तथा इसके उत्थान में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित बीजू पटनायक खेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कन्वेंशन सेंटर, लोक सेवा भवन, भुवनेश्वर में आयोजित एक विशेष समारोह में कंपनी की ओर से, नालको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र ने ओड़िशा के माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी के हाथों से प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।

नालको प्रारंभ से ही खेल तथा खिलाड़ियों का समर्थन करने, आयोजनों और बुनियादी ढांचे के विकास का एक मजबूत समर्थक रहा है। पुरस्कार प्राप्त करने पर, नालको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'हम राज्य तथा देश में खेलों और संबंधित गतिविधियों को समर्थन और बढ़ावा देना जारी रखने के लिए गर्वित और प्रेरित हैं। बीजू पटनायक खेल पुरस्कार प्राप्त करने से खेल समुदाय को समर्थन देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और बढ़ेगी।'

## सोआ में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) ने गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया है। चूंकि हॉकी के दिग्गज ध्यानचंद का जन्मदिन पूरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है, इस अवसर पर सोआ में एक मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिनी मैराथन में भाग लिया, मिनी मैराथन को छत्र मंगल के डीन प्रो. ज्योति रंजन दास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन की समाप्ति के बाद सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कहा कि खेल मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खेलों को दिये गये महत्व को देखते हुए आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय में खेल से संबंधित पाठ्यक्रमों को शामिल किया जायेगा।

# टीपीडब्ल्यूओडीएल की ओर से स्मार्ट मीटर का परीक्षण करने की घोषणा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बुर्ला एक मान्यता प्राप्त बिजली वितरण कंपनी के रूप में टीपीडब्ल्यूओडीएल माननीय ओडिशा विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए हर काम करता है।

माननीय आयोग के आदेशानुसार स्मार्ट मीटर की स्थापना भी लागू कर दी गयी है। यह स्मार्ट मीटर पूरी तरह से सटीक बिजली खपत पर नजर रखता है और ग्राहक के उपयोग के आधार पर मीटर रीडिंग को सटीक रूप से प्रदर्शित करता है।

1. यह स्मार्ट मीटर ग्राहक के बिजली खपत पैटर्न और अन्य डेटा को लंबे समय तक सेव रख सकता है।

2. ग्राहक अपनी इच्छा के अनुसार पिछले दिन का डेटा निकाल सकता है और भविष्य के उपयोग का पैटर्न निर्धारित कर सकता है।

3. ग्राहकों को सटीक बिलिंग प्रदान करने में मदद करता है क्योंकि प्रत्येक यूनिट सटीक रूप से दर्ज की जाती है।

सभी स्मार्ट मीटर कंपनी द्वारा प्रयोगशाला परीक्षण के बाद ग्राहक के परिसर में स्थापित किए गए हैं और पूरी तरह से सुरक्षित और विश्वसनीय हैं। सभी ग्राहकों और आम जनता को सलाह दी जाती है कि यदि ग्राहकों के मन में स्मार्ट मीटर के उपकारिता के बारे में कोई संदेह उत्पन्न होता है, तो वे मीटर की जांच कराने के लिए कंपनी के 24 घंटे के टोल-फ्री ग्राहक सेवा केंद्र 1800-3456-798 पर संपर्क कर सकते हैं। माननीय ओडिशा विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों के अनुसार ग्राहक के अनुरोध के अनुसार टीपीडब्ल्यूओडीएल द्वारा ग्राहक के परिसर में स्मार्ट मीटर का परीक्षण किया जाये।

## अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा भाव से आयोजित

रांची (आजाद सिपाही)। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में 29 सितंबर 2024 को एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा भाव व भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। सनातन धर्म में एकादशी का अत्यन्त महत्व होने के कारण प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तगण आतुर थे। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल गुलाब - जूही - बेला - रजनीगंधा के ताजे और खुशबूदार फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवम् हनुमान जी का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच श्री श्याम नाम की दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गयी। मनोवांछित मनोकामना के साथ भक्तगण कटारब्रध होकर दिव्य ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे। खूब सज्यो दरबार खाटू वाले को हम आज सभी मिलकर तेरी रात जगायेंगे। हमें तो जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया। श्याम बाबा को श्रृंगार मन भाव इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण भावविभोर हो श्याम नाम की मस्ती लूट रहे थे।

# बर्ड फ्लू मनुष्यों को नहीं हुआ है : स्वास्थ्य मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने गुरुवार को यह जानकारी दी कि जांच के लिए गया, सैंपल निगेटिव आया। संबंधित व्यक्ति को आइसोलेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है, व्यापक जागरूकता की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने बर्ड फ्लू से नहीं घबराने की सलाह दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, दोबारा भेजा गया नमूना नकारात्मक आया। निदान की दृष्टि से एक को संगरोध में रखा गया है। बर्ड फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। जागरूकता कार्यक्रम बढ़ा दिया गया है।

पिपिली में बर्ड फ्लू के फैलने के बाद हजारों मुर्गियों को मार दिया गया है। ऐसे में उस क्षेत्र के लोगों को बुखार आने पर स्वास्थ्य विभाग चिंतित है। लोग स्वयंम परीक्षण के लिए गये, क्योंकि उन्हें डर था कि वे बर्ड फ्लू से संक्रमित हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हालांकि, यह बर्ड फ्लू नहीं है।02

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची
4 कैमरा का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरा का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

# कैबिनेट समिति ने भारतीय रेलवे में एक मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना सहित ओड़िशा में दो नयी लाइनों को मंजूरी दी

- 2,926 करोड़ की लागत से 138 किमी लंबी बरगड रोड-नुआपड़ा रोड नयी रेल लाइन परियोजना







- 1,360 करोड़ रुपये की लागत से 37 किमी लंबी सरडेगा-भालुमुंडा नई रेलवे लाइन परियोजना।
- कनेक्टिविटी प्रदान करना, यात्रा में आसानी, कम लाजिस्टिक लागत, तेल आयात को कम करना और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करना।
- परियोजना की कुल अनुमानित लागत 6,456 करोड़ रुपये (लगभग) है और यह 2028-29 तक पूरी हो जायेगी।
- ये परियोजनाएं निर्माण के दौरान लगभग 114 (एक सौ चौदह मिलियन मानव दिवस) के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा करेंगे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने 6,456 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर रेल मंत्रालय की 3 (तीन) परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बरगड के माननीय लोकसभा सांसद प्रदीप पुरोहित और कलाहांडी की सांसद मालबिका देवी की उपस्थिति में दी। ओडिशा सरकार के माननीय राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस अवसर पर शामिल हुए और माननीय रेल मंत्री और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। दोनों सांसदों ने रेल मंत्री को उनके प्रयासों और प्रधानमंत्री की स्वीकृत के लिए भी धन्यवाद दिया।

श्री वैष्णव ने इस अवसर पर बताया कि 138 किमी लंबी बरगढ़ रोड - नुआपड़ा रोड नई लाइन और 37 किमी लंबी सरडेगा - भालुमुडा नयी डबल लाइन नुआपड़ा और बारगड जैसे आकांक्षी जिलों के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। बरगड और नुआपड़ा जिले ओडिशा के सबसे बड़े चावल उत्पादक जिलों में से हैं। नयी लाइन पद्मपुर और पश्चिमी ओडिशा के अन्य सांस्कृतिक और कृषि रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों से होकर गुजरेगी । इस नयी लाइन से इस क्षेत्र में पर्यटन में भी सुधार होगा। बरगड और नुआपड़ा दोनों जिले प्राकृतिक सुंदरता से भरे हुए हैं जो हर साल बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

सरडेगा-भालुमुडा नई डबल लाइन 37 किमी की दूरी तय करती है जो ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में 16 किमी की दूरी तय करती है। इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आदिवासी आबादी रहती है। इन सीमावर्ती जिलों के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध बहुत मजबूत हैं। इस रेल लाइन से आसपास के गांवों के लोगों को फायदा होगा। छत्तीसगढ़ में सरडेगा और भालूमुड़ा के बीच मुंध्याररखेट में एक नया स्टेशन स्थापित किया जायेगा।

स्वीकृत परियोजनाएं असंबद्ध क्षेत्रों को जोड़कर लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार करेंगी, मौजूदा लाइन क्षमता में वृद्धि करेंगी और परिवहन नेटवर्क को बढ़ाएगी, जिसके परिणामस्वरूप आपूर्ति श्रृंखलाएं सुव्यवस्थित होंगी और आर्थिक विकास में तेजी आयेगी।

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भूतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 30 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


## 30 को 10 पंचायत, डीएमसी के 7 व चिरकुंडा नप के दो वार्ड में होगा शिविरों का आयोजन

# लाभुकों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर दिया जायेगा लाभ : डीसी

**आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट किया जाएगा परिसंपत्तियों का वितरण, शिकायतों का निवारण**

आजाद सिपाही संवाददाता



समाहरणालय सभागार में पत्रकारों से वार्ता करतीं डीसी माधवी मिश्र।

**धनबाद।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम इस साल भी 30 अगस्त से 15 सितंबर तक जिले के सभी 256 पंचायत, नगर निगम के सभी 55 एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी 21 वार्ड में आयोजित किया जाएगा। उक्त योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से डीसी माधवी मिश्रा ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में संवाददाता सम्मेलन कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। डीसी ने बताया कि 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना', अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति-आवसीय-आय प्रमाण पत्र को फोकस एरिया में शामिल किया गया है। इसके आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन योजनाओं में लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होंगे, उनमें लाभुकों की प्रतीक्षा सूची तैयार करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उन्हें लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में बेनेफिशरी ओरिएंटेड योजना के तहत सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, आयुष्मान कार्ड का वितरण, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। शिविरों में कल्याण मंच स्थापित किया जाएगा। जहां से लाभुकों के बीच ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। जिसमें स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र, छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिए चेक वितरण, एसएचजी सदस्यों के बीच पहचान पत्र का वितरण, योग्य लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, लूंगी व कंबल का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा राज्य अभिलेख, आय, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार या राशन कार्ड में सुधार और बिजली बिल से संबंधित शिकायतों का ऑन द स्पॉट निवारण किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम दिन यानी 30 अगस्त को धनबाद प्रखंड के अरलगड़िया, पूर्वी टुंडी के चुरूरिया, टुंडी के बरवाटांड, कलियासोल के आंखद्वारा, निरसा के बैजना, तोपचांची के भुईया चितरो, बाघमारा के बगदाहा, बलियापुर के अलकडीहा, एगारकुंड के आमकुड़ा और गोविंदपुर प्रखंड के अमरपुर पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही धनबाद निगम के वार्ड संख्या 1, 4, 39, 2, 5, 9 एवं 10 और चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 1-2 में भी शिविर आयोजित होंगें। डीसी ने कहा कि जिला स्तरीय पदाधिकारी विभिन्न शिविरों में मौजूद रहेंगे। वहीं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण में कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा। इस मौके पर डीडीसी सादात अनवर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील सिंह मौजूद थे।

## खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनायें और स्वस्थ रहें : हरेंद्र सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** असर्फी अस्पताल के सीइओ व सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुवार को मिनी मैराथन का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य समाज में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस मैराथन में धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग के उत्साही छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मिनी मैराथन को हरेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया किक देशभर में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने अपने अद्वितीय खेल कौशल और समर्पण से भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। उनका जीवन और उपलब्धियां सभी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हुई हैं। इस मिनी मैराथन के माध्यम से हम सभी को प्रेरित करना चाहते हैं कि वे खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ रहें। इसके साथ ही अपने लक्ष्य 'धनबाद फर्स्ट' के तहत घुरनीजोरिया, नियर मटकुरिया चेक पोस्ट प्राथमिक विधालय ईस्ट-गोधर के पास एक जनसभा की गयी। जिसका मुख्य उद्देश्य 2029 के लिए धनबाद का एक ड्राफ्ट विजन तैयार करना था। इसे लेकर धनबाद के विकास और समाज कल्याण के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों पर चर्चा और स्थानीय लोगों की समस्याओं और सुझावों को सुना गया। उन्होंने अपने प्रयास 'स्वस्थ शरीर स्वस्थ समाज' के तहत धनबाद प्रखंड के पुटकी थाना अंतर्गत सियालगुदरी पंचायत भवन में मुखिया ममता चौधरी के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया। इसमें कैंसर के लक्षण, बचाव के उपाय और इसके प्रारंभिक स्तर के निदान को लेकर प्रोत्साहित करना था। हरेंद्र सिंह ने कहा कि ये सभी पहल समाज को स्वस्थ और समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## झारखंड की जनता को सरकार के कार्यों का मूल्यांकन करना चाहिए: हलधर महतो

**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** आजसू का जनजागरण पदयात्रा की शुरूआत गुरुवार को चौथे दिन घुनघुसा पंचायत के बदाही गांव से की गई। जिसका नेतृत्व पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष हलधर महतो ने किया। यह पदयात्रा बदाही खेराबेड़ा, चैता, मुखियाटोला आदिवासी टोला, पांडे टोला, मंडल टोला, घटवार टोला और रविदास टोला आदि क्षेत्रों से होते हुए आजाद नगर घुनघुसा में आकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर हलधर महतो ने कहा कि झारखंड सरकार ने विधवा माता-बहनों को वित्तीय सहायता देने का वादा किया था। महिलाओं को आधार कार्ड पर 50 लाख रूपये तक का लोन देना था। अब गांव में रहने वाली जनता मूल्यांकन करें, कि क्या सरकार ने उनका एक भी काम किया है या नहीं। वहीं, संतोष महतो ने कहा कि प्रदेश में सुदेश महतो का विकल्प कोई नहीं है। राज्य की जनता त्राहिमाम कर रही है। सदानंद महतो ने कहा कि तोपचांची थाना क्षेत्र में लगातार घरों में चोरियां हो रही है, लेकिन प्रशासन अब तक उद्भेदन नहीं कर पाई है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद महतो, सचिव रामचंद्र ठाकुर, प्रेमचंद महतो, बिंदेश्वर प्रसाद महतो, सुरेश महतो, सुनील महतो, गिरधारी महतो, निरंजन मंडल, रूपलाल महतो, विनोद बिहारी महतो, सैकी गुप्ता, लक्ष्मी देवी, उर्मिला देवी, मीना देवी, गीत देवी, शांति देवी, संगीता देवी, सुभद्रा देवी, प्रमिला देवी, जानती देवी, बीना देवी, मौसमी देवी, चमेली देवी, रीना देवी, गीतांजलि देवी और सरस्वती आदि मौजूद थीं।

## कोलकाता रेप-हत्या कांड में कोई कार्रवाई नहीं, सतर्क व जागरूक रहें : डॉ मधुमाला



**कतरास (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब की ओर से राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका प्राचार्य सुमन मिश्रा, शिक्षिका दीपाली आदि ने सफल संचालन किया। इसमें स्कूल की बालिकाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित और जागरूक किया गया।। साथ ही बच्चियों को बढ़ते अपराध और आए दिन हो रही घटनाओं के संदर्भ में सतर्क व सुरक्षित रहने के लिए उपाय बताये गए। डॉक्टर मधुबाला ने बताया कि कोलकाता रेप-हत्या पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इसलिए हमलोग बच्चियों को जागरूक कर रहे है। मौके पर अंजनी देवी व कुमारी राधा आदि उपस्थित थीं।

## वंशवाद की राजनीति से झारखंड के लोगों का विकास संभव नहीं: डिंपल

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेबीकेएस) की बैठक गुरुवार को सिजुआ व महुदा में हुई। इस दौरान धनबाद महानगर अध्यक्ष डिंपल चौबे ने कहा कि झारखंड बने 24 वर्ष बीत चुके हैं। पर इतने वर्षों में झारखंड के लोगों को उनका अधिकार दिलाने में सभी राजनीति पार्टियां नाकाम रही है। क्योंकि झारखंड में शुरू से ही वंशवाद की राजनीति चलती आ रही है। जब तक वंशवाद की राजनीति होगी झारखंड के लोगों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा। कहा कि 24 वर्षों के बाद टाइगर जयराम महतो का एक विकल्प के रूप में झारखंड को मिला है। सभी वर्गों-समुदाय का समर्थन हमें मिल रहा है। निश्चित रूप से आने वाले समय में झारखंडियों को उनका अधिकार जरूर मिलेगा। अकहा कि एक तरफ झारखंड के नेता देशभर में सबसे ज्यादा वेतन और सुविधाएं उठा रहे हैं और आम लोग सुविधा के अभाव में बद से बद्तर जीवन जीने को विवश हो रहे है। पर जनता अब जाग चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता वैसे राजनीतिक दलों को मुंहतोड़ जवाब देगी। मौके पर केंद्रीय महासचिव महिला मोर्चा की रजनी रवानी, सचिव आशा महतो, कोषाध्यक्ष भगवती देवी, संगठन सचिव आरती कुमारी, बसंती देवी, उषा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, राधिका देवी, कविता देवी, उर्मिला देवी और बिंदु देवी आदि मौजूद थीं।

## सड़क पर घायल पड़े दिव्यांग को रागिनी सिंह ने पहुंचाया अस्पताल

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने रास्ते में घायल पड़े दिव्यांग युवक को अपनी निजी गाड़ी से अस्पताल पहुंचा कर मानवता और नैतिकता की मिसाल पेश की। दिव्यांग विजय रवानी बस्ती का रहने वाला है। बतातें चलें कि बस्ताकोला के समीप दिव्यांग विजय रवानी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया था। लोग वहां से आते-जाते रहे पर किसी ने उसकी मदद नहीं की। वह सड़क पर दर्द से कहरारा था। इसी बीच रागिनी सिंह अपने काफिले के साथ धनबाद से झरिया की ओर जा रही थी। जैसे ही सड़क किनारे तड़प रहे घायल दिव्यांग पर उनकी नजर पड़ी उन्होंने काफिले को रुकवा दिया और गाड़ी से नीचे उतर आईं। रागिनी सिंह ने अपने सहयोगियों की मदद से घायल को उठवा कर अपनी अपनी निजी गाड़ी से रखा और अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज शुरू किया गया।

## बोकारो से फुसरो आकर दामोदर नदी में युवती ने लगाई छलांग, तलाश शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र स्थित फुसरो के हिंदुस्तान पूल से गुरुवार की दोपहर 29 वर्षीय एक युवती दामोदर नदी में कूद गयी। उसकी पहचान श्वेता कुमारी के रूप में हुई है। वह बोकारो जिले के चास स्थित कुंवर सिंह कॉलोनी निवासी अजय बरनवाल की बेटी है। घटना की जानकारी मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी रोहित सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये और स्थानीय लोगों की मदद से उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो श्वेता आत्महत्या करने के लिए अपनी स्कूटी से चास से चलकर फुसरो पहुंची थी। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लड़की ने बिना किसी हिचकिचाहट के नदी में छलागं मार दी। इसकी खबर तुरंत पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिये। स्कूटी के ऑनरबुक से उसके घरवालों का पता चला। पुलिस ने युवती के घर वालों को इसकी जानकारी दी। लोगों नेबताया किक लड़की पुल के पास पहुंची और कुछ देर पुल के पास स्कूटी पर चुपचाप बैठी रही। इसके बाद अचानक नदी में कूद गयी। उधर, खबर पाकर युवती के पिता अजय बरनवाल और भाई मनीष बरनवाल फुसरो पहुंचे। उन्होंने बताया कि श्वेता वीर कुंवर सिंह कॉलोनी स्थित आवास से सुबह 8 बजे बिना किसी को कुछ बताये स्कूटी लेकर निकल गयी। बताया कि वे लोग चास के सेक्टर 6 स्थित साई मंदिर में पूजा करने जा थे। तीन वर्ष पूर्व बड़ी बेटी की शादी दिल्ली में किया है। श्वेता छोटी बेटी है। श्वेता के पिता ने इसकी लिखित सूचना बेरमो पुलिस को दी है। मौके पर पहुंची बेरमो पुलिस की टीम खोजबीन में जुट गई। नदी में पानी का उफान तेज होने के कारण खबर लिखे जाने कुछ पता नहीं चल पाया है।

## पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो के स्कूल पहला कदम में गुरुवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत के पहले एयर मार्शल डेजिल किलर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए बेहतर धनबाद विकसित धनबाद टीम से युवा समाजसेवी मयूर शेखर झा पहुंचे थे। उन्होंने व उनकी टीम ने बच्चों की गतिविधियां देखी। कहा कि पहला कदम स्कूल दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास के लिए जो सराहनीय कार्य कर रहा है, वह अतुल्यनीय है। इस अवसर पर बच्चों के बीच कई प्रतियोगिताएं कराई गई। विजेता बच्चों को मयूर शेखर के हाथों पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर मयूर शेखर ने मूक बधीर छात्र के साथ शतरंज भी खेला। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि स्पोर्ट्स का महत्व दिव्यांग जन के समग्र कल्याण, मानसिक स्वास्थ्य-शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने में सहायक होता है।

## बीएसएल में खेल सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुवार को बीएसएल के क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग की ओर से खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार, महा प्रबंधक (नगर प्रशासन) एके अविनाश, महा प्रबंधक (नगर प्रशासन) मो टी सलाम, महा प्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) सीआरके सुधांशु, सहायक महा प्रबंधक (क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं) एस रजक के अलावा प्रशिक्षक एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बोकारो के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 74 खिलाड़ियों को खेल सम्मान से सम्मानित किया गया।


**उपायुक्त का कार्यालय (समाज कल्याण शाखा) लातेहार।**
विकास भवन, प्रथम तल, समाहरणालय परिसर, लातेहार पिन–829206 झारखंड
Email ID- latehardswo@gmail.com ; dswolatehar@gmail.com

**अति– अल्पकालीन निविदा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि जिला खनिज फॉउण्डेशन ट्रस्ट के तहत् जिला अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु **Supply, Installation of Pre School-Kit** का अधिष्ठापन एवं आपूर्ति का कार्य कराया जाना हैं। उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता / कम्पनी / फर्म / पार्टनरशिप से निविदा / प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा लातेहार जिला के वेबसाइट **latehar.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है:–

**विवरणी**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा दस्तावेजों का हार्ड कापी एवं नमूना कार्यालय में प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक–12.09.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–13.09.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे |
| 3 | निविदा खोलने का स्थान | जिला समाज कल्याण कार्यालय, लातेहार |

PR 333966 Women, Child Development & Social Security(24-25)D
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार।

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**पुर्ननिविदा सूचना सं0–F2-28/2023–24(IInd call)**
पत्रांक–544 लातेहार/दिनांक–28.08.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | नगर नदी पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड–चन्दवा जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 77.886 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 09.09.2024 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 29.09.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 29.09.2024 3.00 बजे अपराह्न तक (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रॉची। |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 01.10.2024 4.00 बजे अपराह्न तक |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।
PR 333928 (Water Resource) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़।**
रामगढ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ कैन्ट, जिला– रामगढ, झारखण्ड– 829122,
ई-मेल– eercdramgarh-jhr@nic.in

**एस०बी०डी० आधारित अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**
ई–निविदा प्रसंग संख्या :– **RCD/RAMGARH/648/2024-25**
दिनांक :– **29-08-2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | IRQP Work of Chas to Ramgarh Road from KM 0.00 to 4.56 (Total Length 4.56 KM) Under Road Divison, Ramgarh for the of Year 2024-25 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रुपये 3,61,59,400.00 (तीन करोड़ एकसठ लाख उनसठ हजार चार सौ) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03(तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 03/09/2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 11/09/2024 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़ |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नंबर | 98351–25637 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नंबर | 0651–2401010 |

- निविदा की अन्य शर्ते वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को **UCAN** से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
- निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।
- **Cost of bidding document (Non-refundable fee) & Bid Security as indicated shall be payable online through** http://jharkhandtenders.gov.in.

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि० पथ प्रमण्डल रामगढ़।
PR 334055 Road(24-25)D

**कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा।**

**अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2024–25 दिनांक 28.08.2024**

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 वें वित्त आयोग | | | | | | |
| 1 | 13 | Repairing of Building of Urban Clinic Pandey tola, Under Nagar Panchayat Koderma. | 2499950.00 | 50000.00 | 5000.00 | 6 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | | 30-08-2024 (10:00 AM) | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | | 06-09-2024 (05:00 PM) | |
| C | Date of opening Tender | | | | 09-09-2024 (11:00 AM) | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | |
| E | Helpline No. | | | | +91-9229932626 | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा
PR 333989 (Urban Development) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/05/2024-25
1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा जिलान्तर्गत प्रखण्ड पत्थलगडडा पंचायत सिंघानी में परसोनिया नदी में पुल निर्माण। | 5,40,86,200.00 | 10,82,000.00 | 10,000.00 | 24 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –06.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–06.09.2024 से दिनांक–19.09.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 21.09.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा
PR 334001 Rural Development(24-25).D

दिव्य कला मेला रांची का उद्घाटन राज्यपाल संतोष गंगवार और केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने किया

# दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है: राज्यपाल

**29 अगस्त से 8 सितंबर तक रांची के हरमु ग्राउंड में आयोजित**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित दिव्य कला मेला का उद्घाटन गुरुवार को रांची में किया गया। यह मेला 29 अगस्त से 8 सितंबर तक हरमु ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन राज्यपाल संतोष गंगवार और केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने किया। उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह मेला न केवल दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों को अपने उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि समाज में उनकी क्षमताओं को भी प्रदर्शित करता है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि दिव्य कला मेला हमारी सरकार की दिव्यांगजनों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मेले के माध्यम से हम दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों को अपने उत्पादों को बाजार में लाने और अपने कौशल को दिखाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। मेले में देश भर के दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों के उत्पादों और शिल्प कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है। यह मेला दिव्यांगजनों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अनूठी पहल है। मेले में विभिन्न श्रेणियों में उत्पाद प्रदर्शित किये जा रहे हैं, जिनमें गृह सजावट और जीवन शैली, कपड़े, स्टेशनरी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड खाद्य और जैविक उत्पाद, खिलौने और उपहार, व्यक्तिगत सहायक उपकरण - आभूषण, क्लच बैग शामिल हैं। मेला सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा और दिव्यांग कलाकारों और जाने-माने पेशेवरों के प्रदर्शन सहित सांस्कृतिक गतिविधियों की एक श्रृंखला देखी जा सकती है।

## गौतम अदाणी बने भारत के सबसे अमीर व्यक्ति, अंबानी को पछाड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के कारण हुए नुकसान की भरपाई करते हुए, गौतम अडानी की नेटवर्थ पिछले साल 95% बढ़कर 11.6 लाख करोड़ रुपये हो गयी, जिससे उन्हें मुकेश अंबानी की जगह सबसे अमीर भारतीय बनने में मदद मिली। 2024 हुरुन इंडिया रिच लिस्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अंबानी की कुल नेटवर्थ 25% बढ़कर 10.14 लाख करोड़ रुपये हो गयी। 2023 की रिपोर्ट में अदाणी की संपत्ति 57% घटकर 4.74 लाख करोड़ रुपये रह गयी और अंबानी 8.08 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ काफी आगे रहे। अमेरिका स्थित शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाये गये। कई आरोपों के बाद अदाणी की नेटवर्थ में तेजी से गिरावट आयी है लेकिन समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया है। 2014 के एडिशन में, हुरुन ने अदाणी की संपत्ति 44,000 करोड़ रुपये आंकी थी, जिसने उन्हें तब, दसवां सबसे अमीर भारतीय बना दिया था। एचसीएल के शिव नाडर और उनका परिवार 2024 में 3.14 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ एक स्थान के फायदे के साथ तीसरे सबसे अमीर बन गये, जबकि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साइरस पूनावाला 2.89 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गये।

मुख्यमंत्री ने दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक

# बेहतर विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करें : हेमंत

- बिजली की समस्या उत्पन्न न हो, विभाग बैकअप तैयार रखे
- फेस्टिवल के दौरान हिंसा, उपद्रव, संगठित अपराध किसी भी हाल में स्वीकार्य नही, कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो
- अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जाये



### संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि फेस्टिवल के दौरान संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें। विशेष कर पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गतिविधियों की निगरानी के लिए पूजा पंडालों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाये जायें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखें। यदि कोई सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रम फैलाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई करें।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व सहित अन्य पर्व-त्योहार राज्य में शांतिपूर्वक संपन्न हो इस निमित्त हर हाल में बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पर्व-त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की कोई हिंसा, उपद्रव, संगठित अपराध इत्यादि की घटनाओं को अविलंब रोका जा सके इसके लिए पुख्ता तैयारी रखें। अपराध को अंजाम देने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी प्रशासनिक तैयारियां एक बेहतर प्लानिंग के साथ की जाये। उक्त निर्देश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व सहित अन्य पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को दिये।

**निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें :**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे कस्बों में भी पर्व- त्योहारों को बहुत उत्साह, उमंग और खुशी के साथ मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी हाल में पर्व-त्योहारों के दौरान बिजली की समस्या उत्पन्न न हो इसकी पूरी तैयारी रखी जाये। निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए विभाग एक बेहतर बैकअप प्लान शीघ्र तैयार करे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आगामी 4 माह विभिन्न पर्व-त्योहारों का समय है, अधिकारी संवेदनशीलता के साथ व्यवस्थाओं को दुरुस्त एवं सुदृढ़ करने पर बल दें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान बिजली कटने के क्रम में कई बार दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति को लेकर बेहतर बैकअप प्लान तैयार रखी जाये।

**सांप्रदायिक सौहार्द्र एवं शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन पैनी नजर रखे :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सांप्रदायिक सौहार्द्र एवं संवेदनशीलता को देखते हुए असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों पर सख्ती से कार्रवाई करें। अफवाह फैलाने एवं कानून का उल्लंघन करने वाले तत्वों पर चौकसी बरतते हुए उनपर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द्र एवं शांति भंग करने वाले शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर प्रशासन पैनी नजर रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान तेज गति से गाड़ी चलाने वालों पर भी प्रशासन लगाम लगाये।

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक अभियान संजय ए लाटकर, आइजी अभियान एवी होमकर, आइजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, ऊर्जा संचरण निगम के एमडी केके वर्मा उपस्थित थे।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**